
हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.3 डिग्री
न्यूनतम 14.3 डिग्री

## खबर संक्षेप

### 8.10 लीटर शराब बरामद कोचिया गिरफ्तार



रायपुर। आबकारी विभाग की टीम ने नेवरा थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 सुभाष नगर में सूरज कुमार चौहान के मकान में दबिश देकर वहां से कुल 8.10 लीटर देशी एवं विदेशी शराब जब्त की है। जब्त शराब में 35 पाव देशी मसाला शोले तथा 10 पाव विदेशी शराब जम्मू स्पेशल व्हिस्की शामिल है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 59(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया है।

### ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने का झांसा, 22 लाख ठगे

रायपुर। ट्रेडिंग में मुनाफा कराने के नाम पर एक महिला से 22 लाख रुपए की ठगी हो गई। घटना की रिपोर्ट सरस्वतीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। प्रार्थिया मनीषा कुलदीप एंड्रीक विला सीजी एजुकेशन एकेडमी की प्राचार्य हैं। मनीषा से किसी अज्ञात व्यक्ति ने क्वालिटी टास्क लिंकेज में जोड़कर उसके बैंक अकाउंट की जानकारी ली और ट्रेडिंग में मुनाफा कराने का झांसा देकर उनसे 22 लाख 11 हजार रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएसः 318-4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### घरेलू विवाद पर पति ने पत्नी को पीटा, केस दर्ज

रायपुर। सिविल लाइन पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध केस दर्ज किया है। शंकरनगर निवासी प्रार्थिया निधि मिश्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति योगीराज ने घरेलू विवाद पर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में बीएनएसः 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सूने मकान में धावा 15 हजार का सामान पार

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में एक बंद मकान में चोरी हो गई। घटना की रिपोर्ट कुमार विक्रम निवासी रहेजा ग्रीन पिरदा ने थाने में दर्ज कराई है। घटना 23 दिसंबर 2025 से लेकर 1 जनवरी 2026 के बीच की है। इस दौरान घर के सभी सदस्य ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और आलमारी में रखे करीब 15 हजार रुपए कीमत के सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामले में धारा 331-4, 305 ए बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।



# महादेव सट्टे के पैसे से देश-विदेश में प्रापर्टी, ईडी में आठ सट्टेबाजों की 21 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति अटैच

रवि उप्पल, रजत कुमार सिंह, सौरभ आहूजा, विशाल रमानी, विनय कुमार, हनी सिंह, लकी गोयल और राजा गुप्ता की प्रॉपर्टी अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ प्रवर्तन निदेशालय की बड़ी कार्रवाई

महादेव ऑनलाइन सट्टा केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई की है। इस केस में संलिप्त 8 लोगों की देश-विदेश में रखी 21.45 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को अटैच किया गया है। इसमें चल संपत्तियां 98.55 लाख रुपए की है, वहीं 27 अचल संपत्तियां भारत और दुबई में हैं। इन संपत्तियों में आवासीय घर, कमर्शियल दुकानें, कृषि भूमि और लग्जरी अपार्टमेंट आदि शामिल हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 20.46 करोड़ रुपये है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) रायपुर जोनल ऑफिस ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉनड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) 2002 के तहत 10 जनवरी को एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर (पीएओ) जारी किया है। इसके अनुसार लगभग कुल 21.45 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियों को अटैच करने की कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) के अवैध सट्टेबाजी ऑपरेशन्स की चल रही जांच का हिस्सा है।


महादेव सट्टा के प्रमोटर, साथियों के 92 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की अटैच

### इन व्यक्तियों की संपत्तियां की गईं अटैच

जारी आदेश के तहत जिन व्यक्तियों की चल-अचल संपत्तियां अटैच की हैं, उनमें रवि उप्पल, रजत कुमार सिंह, सौरभ आहूजा, विशाल रमानी, विनय कुमार, हनी सिंह, लकी गोयल और राजा गुप्ता शामिल हैं। इनमें रवि उप्पल मुख्य प्रमोटर है, जो अभी भी फरार है। रवि की दुबई (एट्रिया रा) में लगभग 6.75 करोड़ रुपये की एक विदेशी संपत्ति अटैच की गई है। इसी प्रकार रजत कुमार सिंह जो सौरभ चंद्राकर का करीबी सहयोगी है, उसने कई पैनल चलाए और 15 से 20 करोड़ रुपए की अपराध की कमाई की है। उसकी भिलाई और दुबई की संपत्तियां अटैच की गई हैं। सौरभ आहूजा और विशाल रमानी दोनों पार्टनर हैं। दोनों ने लगभग 100 पैनल चलाए और लगभग इससे 30 करोड़ रुपये की कमाई की है। दोनों की दुर्ग और भिलाई में मिली संपत्तियां अटैच की गई हैं। विनय कुमार ▶▶| शेष पेज 11 पर

### दुबई से करते थे संचालन

छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर ईडी की जांच में बड़े सट्टेबाजी गिरोह का खुलासा हुआ। यह प्लेटफॉर्म टाइगर एक्सचेंज, गोल्ड-365 और लेजर-247 जैसे डोमेन आदि नामों के माध्यम से अवैध सट्टेबाजी का कारोबार चला रहा था। यह गिरोह अपने सहयोगियों तथा संचालित पैनल, शाखाओं के फ्रेंचाइजी मॉडल के माध्यम से काम करता था। इसके मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्रकार और रवि उप्पल हैं, जो दुबई से इसका संचालन करते थे।

### मुनाफे की 75 प्रतिशत राशि प्रमोटर रखते थे

ईडी की जांच में यह भी पता चला कि इन पैनलों द्वारा अर्जित कुल मुनाफे की 70 से 75 प्रतिशत राशि प्रमोटर अपने पास रखते थे, जबकि शेष राशि पैनल संचालक रखते थे। इस गिरोह ने भोले-भाले व्यक्तियों के केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग कर हजारों की संख्या में फर्जी बैंक खातें खोलकर उसके माध्यम से संभावित ग्राहकों (पीओसी) को निशाना बनाते थे।

### अब तक 2621 कोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति फ्रीज-अटैच

ईडी इस मामले में अब तक 175 से अधिक परिसरों की तलाशी ले चुकी है। इस दौरान लगभग 2621 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियों को जब्ती बनाते हुए फ्री या अटैच की गई है। इसके अलावा ईडी ने इस मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं अब तक दायर की गई 5 अभियोजन शिकायतों में 74 संस्थाओं को आरोपी बनाया गया है।

# राजधानी के विकास पर मैराथन मंथन, ट्रैफिक पर चिंता, सीएम ने कहा- बनाएंगे मेट्रो सिटी



खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर को राजधानी के अनुरूप विकसित करने को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बहुत गंभीर हैं। डिप्टी सीएम अरुण साव, प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राजधानी के साथ रायपुर के जिले के सातों विधायकों के साथ रायपुर के विकास के ब्लू प्रिंट पर घंटों मंथन करके चर्चा की गई। इस मैराथन मंथन में जहां एक तरफ विकास को लेकर योजनाओं पर बात हुई, वहीं ट्रैफिक की चिंता करते हुए सड़कों को लेकर भी मंथन किया गया। कई बड़ी योजानओं पर काम किया जाएगा जिससे रायपुर शहर का पूरा विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शहर के विधायकों पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत के साथ ही धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा, अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू सहित अधिकारियों के साथ बड़ी बैठक की। इस बैठक का मकसद रायपुर का विकास और रायपुर की ट्रैफिक व्यवस्था रहा। कहां नई सड़क बनाने की जरूरत है उसको लेकर भी चर्चा की गई। मुख्य रूप से शहर में पानी की व्यवस्था को लेकर भी बड़ा मंथन किया गया।

### इन सड़कों पर चर्चा

*रायपुर के ट्रैफिक पर लेकर गंभीर चिंता करते हुए रिंग रोड नंबर एक में बाईपास के साथ टिकरापारा, संतोषी नगर और भाठागांव की सड़कों के साथ शहर के अंदर की सड़कों में पड़री से खालसा स्कूल के पास की सड़क, डब्ल्यूआरएस, मोवा की सड़क को लेकर भी योजना पर चर्चा की गई। इसी के साथ शहर में जिन सड़कों को लेकर ट्रैफिक की समस्या है, उसके बारे में चर्चा करके योजना पर बात की गई।*

### पानी पर गंभीर

*शहर में पानी की व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंतन किया गया। इसमें नई टंकियां बनाने के साथ पूरी योजना पर चर्चा की गई। 10 से 15 तक पानी की व्यवस्था के लिए क्या-क्या करना है इसको लेकर योजना तैयार की गई है। इस योजना के हिसाब से काम होगा।आने वाले 10 से 15 सालों में शहर को कितने पानी की जरूरत होगी। इसके लिए क्या-क्या किया जा सकता है। कितने एमएलडी पानी की जरूरत होगी अभी कितनी क्षमता है और कितनी क्षमता का बढ़ानी पड़ेगी इसको लेकर योजना तैयाकर की गई है। शहर में पानी निकासी पर चर्चा की गई। शहर के किन हिस्सों में बारिश का पानी भर जाता है। नालियों को लेकर भी चर्चा की गई।*

# तीन दिन के लिए ठिठका मौसम इसके बाद बदलेगा हवा का रुख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


■ पश्चिमी विक्षोभ का असर जारी

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आने वाली नमी युक्त हवा के असर से अगले तीन दिन मौसम में ठहराव की स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद हवा की दिशा बदलने से तापमान में पुनः गिरावट का दौर शुरू होगा। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर समेत मध्य इलाके का न्यूनतम तापमान सामान्य स्थिति में आ गया है। इससे कड़ाके की ठंड के अनुभव में थोड़ी कमी आई है। पिछले चौबीस घंटे में अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम में हुए बदलाव के बाद पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कई हिस्सों से शीतलहर की स्थिति टल चुकी है। ▶▶| शेष पेज 9 पर

# बीयर बार में युवती पर जानलेवा हमला, 22 दिन बाद मौत, हत्या का केस दर्ज करने परिजनों ने घेरा थाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मेट्रो बार में एक युवती पर जानलेवा हमला करने की घटना के 22 दिनों के बाद घायल युवती की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। युवती की मौत के बाद मृतका के परिजन सहित मोहल्लेवासियों ने थाने का घेराव कर दिया और इस मामले में हत्या का केस दर्ज करने की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इधर पुलिस का कहना है कि जानलेवा हमला किए जाने के मामले में आरोपी के विरुद्ध पहले ही केस दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। घायल युवती की मौत के बाद अब इस मामले में हत्या की धारा जोड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 21 दिसंबर 2025 की है। गीता नगर रायपुर निवासी वेदिका सागर अपने परिचित टी. सुनील राव उर्फ शीनू (28) के साथ मेट्रो बार गई हुई थी। दोनों यहां बीयर पीने के साथ खाना खाने के लिए पहुंचे थे। दोनों यहां एक टेबल में बैठे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के बढ़ते सुनील ने अचानक वेदिका के चेहरे पर बीयर की बोतल से वार करना शुरू कर दिया। दो-तीन वार करने के बाद भी वह रुका नहीं और वेदिका के बाल खींचकर उसे जमीन पर गिरा दिया और फिर उसके सिर पर बोतल से कई बार वार किए, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। इसके बाद वेदिका को लहूलुहान स्थिति में वहीं छोड़कर वह फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर लिया था।



### सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद

इस घटना की पूरी रिकार्डिंग बीयर बार में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इस सीसीटीवी फूटेज में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि आरोपी युवक ने किस तरह से युवती पर बीयर की बोतल से हमला किया है। इस घटना में वेदिका के सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आई थीं, जिसके बाद से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। बताया जा रहा है कि 12 जनवरी को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### विवाहित थी मृतका

पुलिस के अनुसार मृतका विवाहित थी, लेकिन वह अपने पति से अलग रहती थी। पुलिस आशंका जता रही है कि सुनील राव और वेदिका के बीच प्रेम प्रसंग था, लेकिन दोनों के बीच विवाद किस बात को लेकर हुआ है, इसका खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### पुलिस हत्या की धारा जोड़कर आगे की कार्रवाई करेगी

आजाद चौक थाना प्रभारी ने बताया कि इस घटना में पहले ही आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रयास का केस दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भी भेजा है। घायल युवती की मौत के बाद इस प्रकरण में अब हत्या की धारा जोड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।









TWS
Reg. : 23449
ESTD 2012

# भोगी एवं मकर संक्रांति की समस्त प्रदेश वासियों को

# तेलुगु वेलफेयर सोसायटी (TWS)

की तरफ से ढेर-ढेर शुभकामनाएं एवं बधाई



टी. गोपी
अध्यक्ष (TWS)



के. सत्या बाबू
महासचिव
(TWS)

के. भानोज कुमार
कोषाध्यक्ष
(TWS)

जी. स्वामी

के. आचार्युलु

मोहन नायडू

टी. श्रीनिवास रेड्डी

आर. मुरली

जी. किरन






स्वर्ग-रथ का हेल्प लाईन नं.
(टोल फ्री) संपर्क -

9398424497, 9329101314,
7566171124, 7869178801

## NIVANTA GROUP

Crafting Iconic Spaces Building Wealth. Creating Legacy.
Ultra-Premium Corporate Builder & Finance Brand

Construction *Interiors * Project Finance *Luxury Villas
* Premium Apartments *Commercial Towers

Kamal Khanna
8253032318

Ganesh Vihar, Shivanand Nagar, Near Sai Baba Mandir, Raipur (C.G.)



## खबर संक्षेप



### रोलबोल कम्युनिटी का मनाया स्थापना दिवस

रायपुर। रोलबोल रायपुर एस्पायर-2026 की टीम द्वारा रायपुर में गत दिनों रोलबोल कम्युनिटी का 6वां स्थापना दिवस मनाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर रोलबोल एस्पायर की नवगठित कार्यकारिणी ने संगठन के मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामूहिक विकास के संकल्प के साथ विधिवत शपथ ग्रहण की। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता मनोज वर्मा का रोलबोल केवल एक संस्था नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला एक प्रभावशाली मंच है। उन्होंने रोलबोल द्वारा युवाओं, प्रोफेशनल्स और समाज के विभिन्न वर्गों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की और संगठन को निरंतर आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दीं। इसी दौरान रोलबोल के संस्थापक दर्शन सांखला ने बताया कि पिछले छह वर्षों में रोलबोल द्वारा 200 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिनके माध्यम से हजारों लोगों को सीखने, जुड़ने और आगे बढ़ने का अवसर मिला है। मुख्य कार्यकारिणी में अध्यक्ष फणिश जैन, सचिव राकेश नवलखा, कोषाध्यक्ष मेहुल गोयल को दायित्व सौंपा गया। साथ ही वर्टिकल चेयर्स के रूप में यश ठक्कर, अनुश्री अग्रवाल, निलेश सांखला, जयराज गुरनानी एवं पीआरओ अमित वाधवानी ने भी शपथ ली।

### चार लेयर की जांच के चलते धान खरीदी में भारी परेशानी

रायपुर। रायपुर नगर निगम के पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने धान खरीदी पर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि लगातार जांच के ऊपर जांच से किसान इतने त्रस्त और परेशान हो चुके हैं कि अब लगने लगा है, धान को बाहर ही औने-पौने में बेच दें। उन्होंने आगे कहा कि अब चौथी बार टोकन नहीं मिलने के कारण राजस्व अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी और समिति प्रबंधक का प्रतिनिधि किसानों के खलिहान में जाकर जांच करेगा की धान जो पड़ा है, वह इसी खेत की उपज है कि नहीं। जब वह रिपोर्ट देगा, उसके बाद टोकन दिए जाने की बात कही गई है। अधिकारी और मंत्री समझ नहीं पा रहे हैं कि नए-नए आदेश से किसान कितने परेशान हैं। धान बेचने टोकन नहीं मिल रहा है। नए-नए नियम बनाकर किसानों के 9 जनवरी से ऑनलाइन-ऑफलाइन टोकन काटना बंद करके अधिकारियों ने पूरी सरकार को गुमराह किया हुआ है।

## निधन

### लीलावती देवी पांडेय



रायपुर। संगम चौक शक्तिनगर निवासी लीलावती देवी पांडेय (74) का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जनवरी को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. रमाशंकर पांडेय की पत्नी थीं।

### योगेश्वर प्रसाद तिवारी



रायपुर। शिरडी साईं दरबार के समीप रायपुरा निवासी योगेश्वर प्रसाद तिवारी (धमधा वाले) का 13 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जनवरी को सुबह 10.30 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे दीपक शर्मा के जीजा और यथार्थ तिवारी के पिता थे।

# पांच साल से सह रही थी पेट दर्द, जांच में पता चला पित्त की नली और लिवर में था स्टोन का ढेर

## डीके अस्पताल में दूरबीन की मदद से सर्जरी, अंबिकापुर से आई थी मरीज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पांच साल से पेट दर्द की समस्या से पीड़ित महिला के पित्त और लिवर के दोनों ओर स्टोन का ढेर था।

- निजी अस्पताल में बताया गया था दो लाख का खर्च, आयुष्मान से निशुल्क इलाज

पीलिया और बुखार जैसी शिकायत के बाद वह इलाज के लिए डीके अस्पताल पहुंची, जहां दूरबीन की मदद से उसके से पेट से स्टोन बाहर निकाला गया। अंबिकापुर में रहने वाली महिला को निजी अस्पताल में इस सर्जरी के लिए दो लाख खर्च बताया गया था। शासकीय अस्पताल में आयुष्मान योजना के तहत उसका इलाज निशुल्क हो गया। सर्जरी के बाद पांच दिन अस्पताल में रखने के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

गलत खानपान, पानी की कमी सहित अन्य समस्याओं की वजह से पथरी की शिकायत होती है। डीके हास्पिटल के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में इस तरह की शिकायत वाले मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। उनकी आवश्यकता के अनुसार सर्जरी भी की जा रही है। कुछ ऐसा ही मामला अंबिकापुर में रहने वाली 25 वर्षीय महिला के साथ हुआ। उसे पिछले साल साल से अक्सर बुखार आने और पीलिया जैसी समस्या होती थी। महिला इस बीमारी के इलाज के लिए कुछ निजी अस्पताल गई, तो वहां इसके लिए दो लाख रुपए खर्च आने का अनुमान बताया गया।

### परिवार आर्थिक रूप से सक्षम नहीं था

महिला का परिवार इसके लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं था। इसीलिए उन्होंने सरकारी अस्पताल की राह पकड़ी और इलाज के लिए डीके अस्पताल के गैस्ट्रो सर्जरी विभाग पहुंचे। यहां जांच के दौरान पता चला कि महिला के पित्त की नली के साथ लिवर की दो नलियों और भीतरी हिस्से में काफी मात्रा में स्टोन था। स्टोन को हटाना जरूरी था नहीं तो यह महिला के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन सकता था। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग की टीम ने शरीर के प्रभावित हिस्से से स्टोन को हटाने के लिए लेप्रोस्कोपी सर्जरी पूरी की। इसका ऑपरेशन कर सारे पत्थर निकाले गए और पांच दिन की निगरानी के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। महिला आयुष्मान योजना की हितग्राही थी, जिससे उसका इलाज पूरी तरह निशुल्क किया गया। इस सर्जरी में उनका साथ एसआर डा. गीतिका सिन्हा, समृद्धि अग्रवाल, जेआर डा. अरुणा, आयुष, आरोही एवं मानसी ने दिया।



### सरकारी अस्पताल में पहला होने का दावा

चिकित्सकों का दावा है कि एंडोस्कोपी के जरिए पित्त की नली से स्टोन बाहर निकालने वाला यह पहला शासकीय अस्पताल है। इस तरह की सर्जरी आमतौर पर निजी हास्पिटलों में की जाती है। गैस्ट्रो सर्जरी विभागाध्यक्ष डा. आशीष गोयनका ने बताया कि पिछले 3 महीनों में डीकेएस गैस्ट्रो सर्जरी विभाग में इस तरह के 5 ऑपरेशन किए जा चुके हैं। यहां पेट से संबंधित विभिन्न तरह की समस्याओं का समाधान ऑपरेशन के जरिए किया जाता है।

## बढ़ी हुई दरों को लेकर लोगों में रेलवे के प्रति नाराजगी बढ़ी

# रेलवे स्टेशन पर प्रीमियम कार पार्किंग हुई महंगी, ठेका राशि बढ़ने से बढ़े दाम

## अब एयरपोर्ट जितना चुकाना होगा शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रेलवे स्टेशन परिसर में कार पार्किंग की दरों में भारी बढ़ोतरी की गई है, जिसका सीधा असर अब आम यात्रियों की जेब पर पड़ेगा। रेलवे ने पार्किंग शुल्क में इजाफा कर दिया है, जिससे अब स्टेशन पर गाड़ी खड़ी करना हवाई अड्डे पर पार्किंग करने जितना महंगा हो गया है। पार्किंग शुल्क बढ़ने की मुख्य वजह इस साल स्टेशन पार्किंग के ठेके की राशि में हुई भारी बढ़ोतरी है। जहां पहले यह ठेका करीब 30 लाख रुपये में दिया जाता था, वहीं इस बार इसकी कीमत बढ़कर 1 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। ठेका राशि तीन गुने से भी अधिक होने के कारण पार्किंग दरों में यह इजाफा किया गया है। नए नियमों के मुताबिक प्रीमियम पार्किंग समेत सामान्य पार्किंग दरों में भी बदलाव किया गया है।

- तीन साल पहले 30 लाख में हुआ था टेंडर, अब 1 करोड़ 6 लाख के पार पहुंचा

2 घंटे के लिए पहले जहां कार पार्किंग के लिए 30 रुपये चुकाने पड़ते थे, अब इसके लिए 50 रुपये देने होंगे। पूरे दिन के लिए 24 घंटे या पूरे दिन की पार्किंग का शुल्क जो पहले 200 रुपये था, उसे बढ़ाकर अब 250 रुपये कर दिया गया है। रेलवे एक ऐसा साधन है, जहां सभी वर्ग के लोग सफर करते हैं, ऐसे में बढ़ा हुआ किराया यात्रियों को अखर रहा है। लोगों का कहना है कि रेलवे और एयरपोर्ट की पार्किंग का किराया अब लगभग एक जैसा हो गया है, जो आम आदमी के लिए काफी ज्यादा है। बढ़ी हुई दरों को लेकर लोगों में रेलवे के प्रति नाराजगी देखी जा रही है।



### 30 लाख से टेंडर पहुंच गया एक करोड़

तीन साल पहले प्रीमियम कार पार्किंग को टेंबर लगभग 30 लाख में हुआ था, जिसे रेलवे ने इस बार एक करोड़ 6 लाख तक पहुंच गया है। 30 रुपए से 50 तक कर दिया गया है। इस तरह रेलवे पार्किंग शुल्क में 66 प्रतिशत से अधिक का इजाफा किया है। नए टेंडर से रेलवे को आर्थिक रूपए से फायदा हुआ है। घंटे पुराना रेट (रुपए) नया रेट (रुपए) 2 30 50 2-6 50 80 6-12 100 120 12-24 150 180 24 200 250.

### दो हिस्सों में बंटी है पार्किंग

रेलवे स्टेशन पर पार्किंग व्यवस्था को मुख्य रूप से दो भागों में बांटा गया है एक 'मेन पार्किंग एरिया' और दूसरा 'प्रीमियम पार्किंग एरिया'। प्रीमियम पार्किंग में एक साथ 120 कारें खड़ी करने की क्षमता है। प्रीमियम एरिया में गाड़ी खड़ी करने के लिए सामान्य से अधिक चार्ज तय किया गया है। इस बढ़ोतरी और महंगे शुल्क को लेकर अब विरोध प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। लोगों का कहना है कि सुविधाएं बढ़ाए बिना केवल शुल्क बढ़ाना गलत है।बता दें कि रायपुर रेलवे स्टेशन एक जंक्शन है। यहाँ से रोजाना लगभग 120 ट्रेनों की आवाजाही होती है, जिसके कारण स्टेशन परिसर और पार्किंग में हमेशा भीड़ बनी रहती है।

### साल तक नहीं मिलेगी राहत

रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 70 हजार से अधिक लोगों की आवाजाही होती है। इनमें से बड़ी संख्या में लोग अपने निजी वाहनों से स्टेशन पहुंचते हैं, जिसके चलते पार्किंग स्थल लगभग हर समय खचाखच भरा रहता है। अब बढ़े हुए किराए की मार इन हजारों यात्रियों पर पड़ेगी।पार्किंग की बढ़ी हुई दरें 8 जनवरी से लागू कर दी गई हैं। यानी अब स्टेशन आने वाले हर वाहन चालक को नया शुल्क ही चुकाना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार,पार्किंग का यह नया टेंडर तीन साल के लिए जारी किया गया है। इसका सीधा मतलब है कि आम जनता को अगले तीन सालों तक इसी बढ़ी हुई दर पर पार्किंग शुल्क चुकाना होगा और फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है।

# इंजीनियरिंग छात्र पढ़ेंगे भगवत गीता इस्कॉन के प्रतिनिधि देंगे व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्र अब भगवत गीता का अध्ययन करेंगे। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी के तहत संचालित 42 इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में अगले सत्र से नेशनल की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भगवत गीता का अध्ययन कराया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, छत्तीसगढ़ के सभी इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक 42 कॉलेजों में एक सेमेस्टर के लिए 'भगवत गीता' विषय पढ़ाया जाएगा, यह पाठ्यक्रम नेशनल एजुकेशनल पॉलिसी द्वारा बनाया जाएगा, जिसमें पुरानी, वैदिक शिक्षा, वैश्पिक ज्ञान, लाइफ स्किल्स और सामाजिक कौशल जैसी पहलुओं को भी शामिल किया जाएगा। इस्कॉन के प्रतिनिधि कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों को इस विषय पर व्याख्यान देंगे।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत वैदिक शिक्षा को रहे शामिल

इसके लिए छत्तीसगढ़ के तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु रुद्रकुमार साहेब की उपस्थिति में इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) के साथ एक अहम प्रोजेक्ट पर हस्ताक्षर किए गए। तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरुदास साहेब ने कहा, भगवत गीता व्यक्ति का मूल जीवन विद्यार्थियों को नैतिक तथा सामाजिक एक संतुलित व स्वस्थ जीवन जीने, आधुनिक और व्यवसायिक रूप में भी माध्यम बन सकता है, भगवत गीता भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में संतुष्ट और निर्माण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।



### तैयार होगा सिलेबस

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरुण वोरा ने कहा कि सीएसवीटीयू इनोवेशन के साथ भगवत गीता पढ़ने के लिए अनुदान देता है। सीएसवीटीयू के अधीन आने वाले सभी कॉलेजों में इसका एक सिलेबस तैयार जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास में सकारात्मक बदलाव आएगा। यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार होगा और छात्रों को वैकल्पिक विषय के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार इसका चयन कर सकेंगे, विश्वविद्यालय छात्र पर पाठ्यक्रम की आवश्यक नीरस को कम देता है, ताकि सभी कॉलेजों में एक समान गुणवत्ता के साथ इसे लागू किया जा सके।

### भारतीय जीवन और संस्कृति से जुड़ाव

इस्कॉन रायपुर के प्रवक्ता राम राम ने कहा, विद्यार्थियों को गीता के मूल्यों के माध्यम से जीवन प्रबंधन, तनाव से मुक्ति और कर्मकौशल की क्षमता सिखाता है। इसकी तकनीकी शिक्षा बहुत हद तक ज्ञान आदतों में नैतिकता, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार की भावना और अधिक प्रबल होगी, सीएसवीटीयू और इस्कॉन के बीच इस नए अनुबंध को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ के तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले हजारों विद्यार्थियों को भारतीय जीवन और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

### जेसीआई मेडिको सिटी चैप्टर की नई कार्यकारिणी ने संभाला प्रभार




रायपुर। जेसीआई रायपुर मेडिको सिटी चैप्टर विगत कई वर्षों से रायपुर में अपनी सोशल और एकेडमिक रूप में दे रहा है। रविवार को इस साल 2026 की नई कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. निखिल मोतीरामानी ने अध्यक्ष और डॉ. अविनाश तिवारी ने सेक्रेटरी पद पर अपना प्रभार ग्रहण किया। डॉ. मोतीरामानी एक हृदयरोग विशेषज्ञ हैं और अपनी सेवायें मोतीरामानी हार्ट क्लीनिक शंकर नगर में डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे शामिल हुईं। जॉइंट सेक्रेटरी के पद पर डॉ. विनीता देवांगन ने पद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. जितेंद्र सराफ, डॉ. अनिल गुप्ता, डॉ. सुमेधा श्रीवास्तव, डॉ. केके साहू, डॉ. आनंद बंसल, डॉ. विकास भोजसिया और शहर के अनेक डॉक्टर्स उपस्थित थे।

## कचरा कलेक्शन का काम प्रभावित, ड्राइवर हेल्पर हड़ताल पर

रायपुर। मंगलवार को शहर के कई इलाकों में लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ पाया। इससे लोग परेशान रहे। बिना सूचना अचानक रामकी कंपनी की कचरा गाड़ी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए नहीं पहुंचने से लोग हैरान रहे। 4 महीने के अंदर यह दूसरा मौका है, जब शहर में सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी के ड्राइवर और हेल्परों ने सफाई वाहन दलदल सिवनी के एसएलआर सेंटर में खड़ी कर विरोध जताया। इससे लोगों में खासी नाराजगी देखी गई। सदरबाजार, गोकुल चंद्रमा मंदिर के पास, चिकनी मंदिर मालवीय रोड तिलकनगर गुढ़ियारी सहित कई इलाकों में सफाई गाड़ी नहीं पहुंची। जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा ने बताया कि पिछले दो दिन से ये स्थिति बनी हुई है। 3 कचरा गाड़ी में से केवल एक गाड़ी उनके वार्ड में कचरा कलेक्शन के लिए आई। पूछने पर पता चला ड्राइवर, हेल्पर वेतन को लेकर हड़ताल पर हैं। जोन 5 क्षेत्र के डगनिया, लाखेनगर, पुरानी बस्ती सहित अन्य रहवासी इलाकों में भी रामकी की सफाई गाड़ी कचरा कलेक्शन के लिए नहीं पहुंची।

- रामकी के हेल्पर, ड्राइवर के वेतन का मामला

***नेता प्रतिपक्ष नाराज, कहा निगम की कार्यप्रणाली समझ से परे :*** रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने नगर निगम की कार्यप्रणाली सवाल उठाते हुए कहा है कि सफाई जैसी आवश्यक सेवा में इस तरह की स्थिति निर्मित होना शर्मनाक बात है। शहरी सरकार की कार्य प्रणाली समझ से परे है।

## पेज 09 के शेष ...

### इन व्यक्तियों की संपत्तियां...

और हनी सिंह ने भी 6 पैनल चलाए हैं तथा वे सट्टेबाजी एप के फर्जी प्रमोशन में शामिल थे। इन दोनों ने भी महादेव सट्टा से अनुमानित 7 करोड़ रुपए की कमाई की है। इन दोनों ने अटैचमेंट में जयपुर और नई दिल्ली में आवासीय संपत्तियों के साथ महिंद्रा थार और टोयोटा फॉर्च्यूनर सहित अन्य वाहन खरीदे थे। इसी प्रकार लकी गोयल जो टेलीग्राम-आधारित प्रमोशन में शामिल था, ने भी लगभग 2.55 करोड़ रुपए की अवैध कमाई की है। इसकी राजस्थान में कई दुकानें और प्लॉट हैं, जिसे अटैच किया है। राजा गुप्ता दुबई में ऑपरेटर है, जो लगभग 10 पैनल मैनेज करता था। रायपुर में उसकी अचल संपत्ति भी है, जिसे फिलहाल अटैचमेंट नहीं किया है। इस पर विचार किया जा रहा है।

### तीन दिन के लिए ठिठका मौसम...

सीमावर्ती इलाकों में तेज ठंड है, मगर पाला जमने वाली स्थिति में थोड़ा विराम लगा है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अगले तीन दिन तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है। ना तो तापमान में बड़ी गिरावट होगी और ना ही ज्यादा बढ़ोतरी। इसके बाद हवा की दिशा बदलने से ठंड की वापसी होने के आसार बन रहे हैं। 15 जनवरी के बाद पुनः रात का पारा सामान्य से नीचे की ओर जाएगा और कई इलाकों में शीतलहर की स्थिति लौटेगी। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के सभी प्रमुख स्टेशनों में रात का तापमान अपनी सामान्य स्थिति में रहा। वहीं दिन में धूप निकलने के बाद भी उसका प्रभाव कम रहा। राज्य में सबसे अधिक तापमान दुर्ग का 30.2 तथा सबसे कम अंबिकापुर का 4.9 डिग्री रिकार्ड किया गया।

# 9 साल की बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के राजातालाब में एक अधेड़ व्यक्ति द्वारा 9 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद बच्ची के परिजन सहित मोहल्लेवासी आक्रोशित हो गए। हालांकि पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। इधर इस घटना को लेकर मोहल्ले में दिनभर तनाव की स्थिति रही। मोहल्लेवासियों के साथ बजरंग दल में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश रहा। यही वजह है कि बजरंग दल के लोगों ने इस मामले में थाना पहुंचकर आरोपी को फांसी की सजा दिलाने की मांग भी की। पुलिस के अनुसार राजातालाब में आरोपी अब्दुल सज्जाद अंसारी 55 वर्ष की चूड़ी की दुकान है। इस दुकान में वह बच्चों के खाने की चीजें भी बेचता है। इस दुकान में मोहल्ले में रहने वाली एक मासूम बच्ची भी खाने की चीजें लेने जाया करती थी।

- मोहल्लेवासियों के साथ बजरंग दल में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश

### इस तरह उजागर हुआ मामला

पुलिस के अनुसार 12 जनवरी को बच्ची की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसके पेट के पास तेज दर्द होने लगा, जिससे वह रोने लगी। उसकी परेशानी देखकर परिजनों ने जब उससे दर्द का कारण पूछा, तो उसने आरोपी द्वारा उसके साथ किए कृत्य की जानकारी दी। यह सुनते ही परिजन के होश उड़ गए। इसके बाद परिजनों ने थाने में जाकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### किसी को बताने पर जान से मारने की दी थी धमकी

बच्ची ने परिजनों को यह भी बताया कि आरोपी किस तरह से उसे चॉकलेट देने के बहाने अपने साथ ले जाता था और कृत्य करने के बाद इसकी जानकारी किसी को भी देने पर जान से मारने की धमकी देता था, जिससे वह डरी हुई थी। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के लोग भी थाना पहुंचे और आरोपी को फांसी देने की मांग करने लगे। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने की जानकारी देते हुए उन्हें समझाइश देकर लौटा दिया।

# ओपन स्कूल की परीक्षाएं 16 मार्च से

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की परीक्षाएं 16 मार्च से प्रारंभ होगी। ओपन स्कूल द्वारा आयोजित की जाने वाली मार्च–अप्रैल 2026 की हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूल परीक्षाओं की समय-सारणी जारी कर दी गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार हायर सेकंडरी की परीक्षाएं 16 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 8 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएंगी, जबकि हाईस्कूल की परीक्षाएं 17 मार्च 2026 से प्रारंभ होकर 7 अप्रैल 2026 तक संपन्न होंगी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा परीक्षा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

- 10वीं की परीक्षाएं 7 अप्रैल तक, 12वीं के पर्चे 8 अप्रैल को होंगे समाप्त

परीक्षार्थी अपनी परीक्षा से संबंधित विस्तृत समय-सारणी एवं अन्य जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त परीक्षा की समय-सारणी छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की आधिकारिक वेबसाइट www.sos.cg.nic.in पर भी उपलब्ध है, जिसे छात्र-छात्राएं डाउनलोड कर सकते हैं।


## बिजनेस साइट

### मकर संक्रांति पर अपना मार्ट का खास ऑफर ग्राहकों को मिल रही खुशियों की सौगात




रायपुर। मकर संक्रांति नई शुरुआत, खुशहाली और तिल-गुड़ की मिठास का पर्व है। इस शुभ अवसर को और भी खास बनाने के लिए अपना मार्ट ने अपने ग्राहकों के लिए 'संक्रांति स्पेशल ऑफर' की घोषणा की है। 14 जनवरी तक चलने वाले इस ऑफर के तहत ग्राहक सिर्फ 499 रु की खरीदारी पर संक्रांति से जुड़े पारंपरिक खाद्य उत्पाद मात्र 1 रु में पा सकते हैं।

इस विशेष ऑफर में तिल के लड्डू (90 ग्राम), मूरी (200 ग्राम), ब्राउन गुड़ (500 ग्राम), तिल्ली चिक्की (90 ग्राम), सफेद तिल (100 ग्राम) और चूड़ा पोहा (500 ग्राम) जैसे लोकप्रिय आइटम शामिल हैं। खास बात यह है कि ग्राहक इस ऑफर का लाभ एक से अधिक बार उठा सकते हैं। यह संक्रांति स्पेशल ऑफर 200 से अधिक अपना मार्ट स्टोर्स पर उपलब्ध है। ग्राहक नजदीकी स्टोर पर जाकर या अपना मार्ट एप के जरिए ऑनलाइन ऑर्डर कर सकते हैं। साथ ही अपना मार्ट 10 मिनट में डिलीवरी की सुविधा भी दे रहा है।


## झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के लिए बनाए जाएंगे 1328 ईडब्लूएस आवास

रायपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भागीदारी में किफायती आवास 2.0 के तहत शहर के झुग्गी बस्तियों में रहने वाले परिवारों के लिए प्रथम चरण में 1328 बहुमंजिला ईडब्लूएस आवास बनाए जाएंगे। इनका निर्माण नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी शहर के कोटा, सरोना और लभांडी इलाके में बिल्डरों द्वारा ईडब्लूएस के लिए छोड़ी गई खाली जमीन पर करेगी। 18 माह की समय अवधि में अनुबंधित ठेकेदार को व्यवस्थापन के तहत प्रभावित हितग्राहियों के लिए ईडब्लूएस आवास बनाकर देना होगा। सूत्रों के अनुसार शुरुआती चरण में शहर की 3 स्लम बस्तियों का व्यवस्थापन प्रस्तावित है। राज्य सरकार ने रायपुर नगर निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक के तहत 4,044 ईडब्लूएस आवास के नए प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। अब यह प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। 232 करोड़ की लागत के इस नए प्रोजेक्ट के तहत स्लम बस्ती के व्यवस्थापन प्रभावित हितग्राहियों के लिए शहर के अलग-अलग चयनित स्थानों पर 1328 ईडब्लूएस आवास निर्माण कराया जाएगा। वहीं गैर स्लम श्रेणी में 2,716 ईडब्लूएस आवास बनाए जाएंगे। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि गैर स्लम श्रेणी के हितग्राहियों के लिए भागीदारी में किफायती आवास के तहत शहर के कचना, सड्डू, लभांडी, डूमरतराई और पुरैना क्षेत्र में इस तरह के ईडब्लूएस आवास का निर्माण होगा।

- कोटा, सरोना और लभांडी में गरीबों के लिए आवास


### ।। आम सूचना ।।

(ग्राम अमलीडीह, पटवारी हल्का नंबर 00069, रा.नि.मं रायपुर 11, तहसील एवं जिला रायपुर, छ.ग. स्थित खसरा क्रमांक 190/19 के संदर्भ में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार क्रेता सुश्री नेहा पंजवानी उर्फ नेहा थारानी, पिता गोवर्धन दास पंजवानी, निवासी कटोरा तालाब, रायपुर द्वारा विक्रेता श्री सूरज नेभानी, पिता गुरुमुखदास नेभानी, निवासी श्याम नगर, रायपुर से ग्राम अमलीडीह, पटवारी हल्का नंबर 00069, रा. नि. मं रायपुर 11 टिकरापारा, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित खसरा नंबर 190/19 में से 1280 वर्गफुट (32 फीट x 40 फीट) रकबा भू खंड क्रय हेतु इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है और अब केवल बकाया प्रतिफल राशि अदा कर संपत्ति के विधिवत्त अंतरण के किए विक्रय विलेख निष्पादित और पंजीकृत किया जाना शेष है।

अतः उपरोक्त संपत्ति के अंतरण के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, समूह, संगठन, संस्था, निगम, बैंक, शासकीय /अर्धशासकीय /अशासकीय निकाय आदि को स्वामित्व, आधिपत्य या अन्य प्रकार का दावा, उजर, आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज़ मेरे निम्नलिखित कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त समय सीमा बीत जाने के पश्चात कोई भी आपत्ति या दावा शून्य एवं अमान्य होगा तथा मेरी पक्षकार पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित कर भूमि क्रय करने हेतु स्वतंत्र होगी। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया गया।

स्थान : रायपुर दिनांक : ........

**राहुल जायसवाल, (अधिवक्ता)**
**कार्यालय पता- अधिवक्ता कार्यालय, इंदिरा चौक के निकट, श्याम नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, पिन 492001, मो.नं.- 8109337600**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है. कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 6951 दिनांक 07.08.2012 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- MIG-1-MID FLOOR BL-07/208 को श्री दिनेश नारायण कल्लातिल पिता श्री के.सी. नारायण के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजयीन कार्यालय रायपुर से दिनाक 11.12.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री दिनेश नारायण कल्लातिल पिता श्री के.सी. नारायण, निवासी ई-53, मारोती कम्प्यूटर सड़क, सेक्टर-4, दीनदयाल उपाध्याय नगर, रायपुर (छ.ग.) 492010 के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री महेश खरोले पिता श्री राजकुमार खरोले, निवासीः हाऊस नं. 639, पुर्णा कॉलोनी, देवरी रोड, आमगाँव, तहसील आमगाँव, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र) 441902 को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक-MIG-1-MID FLOOR BL-07/208 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 14362 दिनांक 07.12.2012 के द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. फ्लैट-47/104 को **श्री कमल प्रकाश सारस्वत पिता श्री गिर्राज किशोर शर्मा** के नाम स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 04.11.2015 को लीजडीड का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 1544 दिनांक 06.02.2016 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है। वर्तमान में **श्री कमल प्रकाश सारस्वत पिता श्री गिर्राज किशोर शर्मा**, निवासीः- क्वाटर नं. 14/2, बी14/2, टाइप भारत माता स्कूल के पास, बिलासपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त फ्लैट को क्रेता **श्री दिलेश्वर वर्मा पिता श्री जयकरण वर्मा**, निवासीः- सावित्री मेडिकल स्टोर, सुक्रवारी बाजार के पास, बीरगांव रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित प्रकोष्ठ भवन क्रमांक- एम.आई.जी. फ्लैट-47/104 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

# गौ माता को थाली में परोसा जाएगा भोजन, 5000 थालियां बांटने का लक्ष्य

## तिल्दा-नेवरा के युवा उद्योगपति द्वारा गौ सेवा के लिए शुरू की गई अनूठी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

सेवा अकेले की नहीं होती, यह सबके दिलों से जुड़ी जिम्मेदारी है। इसी संकल्प के साथ तिल्दा के युवा उद्योगपति और नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने गौ माता की सेवा के लिए एक संवेदनशील मुहिम शुरू की है।

इस मुहिम के तहत सड़कों पर घूमने वाली और बेसहारा गायों को साफ-सुथरा भोजन उपलब्ध कराने के लिए ग्रामीणों को स्टील की बड़ी थालियां बांटी जा रही हैं। घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि अक्सर लोग घर का बचा हुआ खाना या सब्जियों के छिलके दरवाजे के बाहर जमीन पर या कोटने में डाल देते हैं, जिससे भोजन गंदा हो जाता है और जानवर गंदगी व प्लास्टिक भी खा लेते हैं। उन्होंने कहा, जब हम गौ माता को थाली में परोसकर भोजन देंगे, तो उन्हें साफ-सुथरा आहार मिलेगा और यह गौ माता के प्रति हमारे सम्मान को भी प्रदर्शित करेगा।

इस अभियान की शुरुआत उन्होंने अपनी राइस मिल के श्रमिकों को थालियां बांटकर की। पहले चरण में ग्राम कोहका, नेवरा, तुलसी और आसपास के गांवों में 1200 थालियां बांटी जा रही हैं। संस्था का लक्ष्य अगले दो महीनों के भीतर 5000 से अधिक थालियां वितरित करना है। थाली देते समय लोगों को यह संकल्प भी दिलाया जा रहा है कि वे प्रतिदिन श्रद्धा के साथ इसमें गौ माता के लिए कुछ न कुछ जरूर परोसेंगे।

### प्लास्टिक मुक्त व स्वस्थ गौ का सपना

घनश्याम अग्रवाल ने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सड़कों पर गायों को प्लास्टिक खाते देखना दुखद है। केवल एक दिन हरी सब्जी खिला देने से बदलाव नहीं आएगा, इसके लिए हर नागरिक को रोज थोड़ा-थोड़ा योगदान देना होगा।



### प्रशासनिक दावों के बीच जमीनी प्रयास

संस्था के प्रदेश महासचिव दास जी साहू ने सरकारी दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार भले ही गौठानों और सुरक्षा की बात करती है, लेकिन आज भी गौ माता सड़कों पर भूखी है और दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि खाली थाल बांटने का मकसद लोगों को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाना है। जब थाली सामने दिखेगी, तो लोगों के मन में गौ माता के लिए भोजन रखने का भाव स्वतः जागृत होगा।

## खबर संक्षेप



### सूरज व गोविंद बने प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारी

**आरंग।** पवन साय की अनुशंसा पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव एवं प्रदेश महामंत्री व मुख्यालय प्रभारी नवीन मारकंडे के हस्ताक्षर से जारी आदेश में किसान मोर्चा के अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा भाजपा किसान मोर्चा की सूची जारी करते हुए सूरज शर्मा व गोविंद साहू को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा में अतिथि सत्कार प्रभारी का दायित्व दिया गया है। बता दें कि किसान मोर्चा भाजपा की महत्वपूर्ण इकाई व बड़ा मोर्चा है। इस प्रकार की बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर पदाधिकारी द्वय ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि वे पार्टी के दिशा-निर्देशों पर सतत कार्य करते रहेंगे। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं मंडल-जिला संगठन के नेताओं ने इस पर बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर किरण देव, नवीन मारकंडे व आलोक सिंह ठाकुर से भेंट-मुलाकात की गई।

### भिलाई में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह 16 से 18 तक

**आरंग।** कबीर कल्याण आश्रम, भिलाई में 16 से 18 जनवरी तक त्रिदिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाराबंकी, उत्तर प्रदेश के संत निष्ठा साहेब कबीर वाणी व उनके विचारों पर व्याख्यान देंगे। आयोजक विजयेन्द्र साहेब ने बताया कि इस सत्संग समारोह के शुभारंभ अवसर पर 16 जनवरी को सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। वहीं आयोजक विजयेन्द्र साहेब ने श्रद्धालुओं, कबीर के अनुयायियों, ग्राम व अंचलवासियों से इस सत्संग समारोह में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### मकर संक्रांति पर सत्संग आज

**आरंग।** धर्मनगरी आरंग के स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में 14 जनवरी, बुधवार को मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगरवासियों को दिव्य सत्संग और भक्तिमय भजनों का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। मकर संक्रांति के विशेष उपलक्ष्य में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण विजयानंद गिरी महाराज का दुर्लभ सत्संग होगा। उनके मुखारविंद से ज्ञान की सरिता बहेगी, जो श्रोताओं को आत्मिक शांति और भक्ति का मार्ग दिखाएगी।

### समोदा में महिला खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**आरंग।** समोदा में आयोजित विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद हॉकी और फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समोदा विद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष पुराणिक ध्रुववंशी, प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार पाटले, वरिष्ठ शिक्षक आज्ञाराम ठाकुर, टीपू लाल वर्मा, आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए परिचय प्राप्त कर टॉस कराकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

### निधन

#### सुशीला वर्मा

**धरसीवां।** ग्राम पंचायत गोढ़ी निवासी सुशीला वर्मा 70 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया । जिसका अंतिम संस्कार ग्राम के ही मुक्ति धाम में किया गया। जिनके अंतिम यात्रा में परिजन सहित ग्राम के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ग्रामीण बैंक धरसीवां में कार्यरत कमलनारायण वर्मा के माता एवं योगिता वर्मा के सासू मां थे।



## खरोरा में फुटबॉल का रोमांच: नारायणपुर ने केरल को हराकर जीती ट्रॉफी

# अनुशासन और टीम भावना का पाठशाला है खेल : सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

धरसींवा विधान सभा के खरोरा नगर पंचायत में आयोजित 'अखिल भारतीय फुटबॉल चैंपियनशिप' का मंगलवार को भव्य समापन हुआ। जेएसएफ क्लब द्वारा आयोजित इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में नारायणपुर (छत्तीसगढ़) की टीम ने केरल को मात देकर चैंपियनशिप की ट्रॉफी अपने नाम की। इस रोमांचक मुकाबले के साक्षी मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय बने, जिन्होंने विजेता और उप-विजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल मंत्री टंकराम वर्मा और स्थानीय विधायक अनुज शर्मा उपस्थित रहे। इस खेल में देशभर की 16 दिग्गज टीमों के बीच चले इस कड़े मुकाबले ने खरोरा के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने खेल भावना की सराहना की। उन्होंने अपने कहा कि खेल हमें जीवन में अनुशासन, धैर्य और टीम भावना की सीख देते हैं। खरोरा जैसे उभरते शहरों में इस स्तर की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन यह प्रमाणित करता है कि हमारे छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार का यह संकल्प है कि ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान युवाओं को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने विधायक अनुज शर्मा के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि अनुज जी केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि इस क्षेत्र की प्रगति के सारथी हैं। उनके सक्रिय नेतृत्व और युवाओं के प्रति संवेदनशीलता के कारण ही इतने कम समय में खरोरा में राष्ट्रीय स्तर का सफल आयोजन संभव हो सका है।






### खरोरा को बड़ी सौगात

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विकास के लिए खरोरावासियों को बड़ी सौगातें भी दीं। विधायक अनुज शर्मा की मांगों पर त्वरित निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने मंच से अटल चौक से दीनदयाल चौक तक गौरव पथ निर्माण, नायकताड़ से केशला तक बाईपास रोड निर्माण और बहुप्रतीक्षित समोदा बैराज परियोजना को जल्द पूरा करने की महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि खरोरा के बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए राज्य सरकार के पास बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

### खरोरा के विकास का नया संकल्पः शर्मा

क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के आगमन को क्षेत्र के लिए सौभाग्य बताते हुए कहा, /"आज खरोरा की पावन धरा पर मुख्यमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति ने न केवल हमारे खिलाड़ियों के भीतर नए जोश का संचार किया है, बल्कि पूरे धरसींवा विधानसभा में विकास के एक नए युग की आधारशिला रखी है। अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री के खेल प्रेम की सराहना करते हुए कहा कि एक संवेदनशील मुख्यमंत्री ही खेल और युवाओं की भावनाओं को इतनी गहराई से समझ सकता है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने व्यस्ततम समय के बावजूद खरोरा के खिलाड़ियों का मान बढ़ाया, इसके लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। गौरव पथ, बाईपास रोड और समोदा बैराज जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं इस बात का प्रमाण हैं कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का हर कोना अब प्रगति की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।इस गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री और विधायक के साथ मंत्री टंकराम वर्मा, लखन लाल धीवर, नवीन अग्रवाल, श्याम नारंग, राजीव अग्रवाल, बेदराम मनहरे, टिकेश्वर मनहरे, सुनीता अनील सोनी, सोना वर्मा, सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# फिर से चमकने लगा हमर तिल्दा नेवरा, एलईडी बोर्ड में लगा तिरंगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा-नेवरा

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा देश की आन-बान और शान का प्रतीक है, लेकिन तिल्दा-नेवरा नगर पालिका की लापरवाही के चलते शहर के मुख्य चौक पर लगा तिरंगा अपनी चमक खो चुका था। ताज्जुब की बात यह है कि सत्ता बदलते ही नेताओं ने एलईडी बोर्ड पर अपनी तस्वीरें तो बदल लीं, लेकिन राष्ट्र की आत्मा कहे जाने वाले तिरंगे के फीके पड़ते रंगों की सुध किसी ने नहीं ली। नगर के हृदय स्थल दीनदयाल चौक पर करीब 4-5 साल पहले 'हमर तिल्दा-नेवरा' लिखा एक भव्य एलईडी बोर्ड लगाया गया था। 2 लाख से अधिक की लागत से बने इस बोर्ड पर तत्कालीन मुख्यमंत्री की फोटो थी। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही रातों-रात बोर्ड पर वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री की तस्वीरें चमक उठीं। साथ ही पालिका अध्यक्ष ने भी अपनी फोटो लगवा ली, मगर बोर्ड पर बने तिरंगे का केसरिया, सफेद और हरा रंग धूल और धुंधलेपन की भेंट चढ़ गया।

### लाखों का मेंटेनेंस, फिर भी तिरंगे की अवहेलना

हैरानी की बात यह है कि इस एलईडी बोर्ड के मेंटेनेंस के नाम पर साल भर में लगभग 2 लाख खर्च दिखाए गए, फिर भी तिरंगे की स्थिति जस की तस बनी रही। नगर पालिका प्रशासन के इस उदासीन रवैये को लेकर नागरिकों में गहरा रोष व्याप्त था। नगर के युवा नेता युवराज शर्मा ने जब तिरंगे की यह दुर्दशा देखी, तो उन्होंने पहले इसे साफ करने की कोशिश की। सुधार न होने पर उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों से अनुरोध किया। अधिकारियों ने 10 जनवरी तक का आश्वासन दिया, लेकिन जब निर्धारित तिथि तक कोई काम नहीं हुआ, तो युवराज ने अपने साथियों के साथ मोर्चा संभाला।

# 200 से अधिक बकायादारों को नोटिस, टैक्स जमा नहीं करने पर होगी कुर्की और तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर पालिका परिषद अभनपुर ने टैक्स वसूली को लेकर कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। संपत्ति कर,

- अभनपुर नगर पालिका सख्त, बड़े बकायादारों को पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी किया

जलकर और अन्य शुल्कों का भुगतान न करने वाले नगर के 200 से अधिक बड़े बकायादारों को पालिका प्रशासन ने नोटिस जारी किया है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर टैक्स जमा नहीं किया गया, तो संबंधित संस्थानों या मकानों की सीलबंदी और कुर्की जैसी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सौरभ शर्मा ने बताया कि दिसंबर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले इस वर्ष वसूली काफी कम हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार कई करदाता टैक्स जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पालिका की आय का मुख्य स्रोत कर वसूली ही है, जिससे शहर के विकास कार्यों और सफाई-बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं का खर्च वहन किया जाता है। वसूली प्रभावित होने से सीधे तौर पर नगर विकास के कार्यों पर असर पड़ रहा है।




### कानूनी कार्रवाई की तैयारीः दर्ज होंगे एसआरसी केस

पालिका प्रशासन ने केवल नोटिस ही नहीं, बल्कि नगर में मुनादी कराकर भी लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। इसके बावजूद यदि बकाया राशि जमा नहीं होती है, तो छत्तीसगढ़ पालिका अधिनियम 1961 की धारा 165(5) के तहत राजस्व न्यायालय में एसआरसी प्रकरण दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद प्रशासन को तालाबंदी और संपत्ति कुर्क करने का अधिकार प्राप्त हो जाएगा।

### पेनाल्टी और कार्रवाई से बचें

सीएमओ सौरभ शर्मा ने नगरवासियों और व्यापारियों से अपील की है कि वे अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई और भारी पेनाल्टी से बचने के लिए समय रहते अपने करों का भुगतान करें। उन्होंने कहा कि समय पर टैक्स देना एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है ताकि शहर के विकास की गति बनी रहे।



### राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी

**आरंग।** राजा मोरध्वज की नगरी के नाम से विख्यात आरंग इन दिनों उत्सव के रंग में रंगने तैयार है। 15 और 16 जनवरी को होने वाले राजा मोरध्वज आरंग महोत्सव 2026 के स्वागत में नगर को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। पूरे नगर में उत्साह, उमंग और उल्लास का माहौल है। ऐसी लोक मान्यता है कि त्रेता में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम और द्वापर में श्रीकृष्ण के चरण कमल आरंग की धरती पर पड़े थे। महोत्सव के लिए बन रहे भव्य मंच में राम और श्याम की झांकी आगंतुकों के मन को मोहने वाली है। महोत्सव का यह भव्य आयोजन कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के संयोजन में, सर्व समाज, नगर पालिका परिषद आरंग एवं विधानसभा क्षेत्र आरंग के जन-जन की भागीदारी से पहली बार भव्य रूप में आयोजित किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत 2023 में पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के संयोजन में हुई थी।

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के शाश्वत प्रेरणास्रोत : शैलेश नितिन त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरपोंगी

श्री विवेकानंद सेवा आश्रम समिति भूमिया (सोमनाथ धाम) में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद की जयंती 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आध्यात्मिक चर्चा के साथ-साथ सेवा कार्यों का संगम देखने को मिला, जिसमें बुजुर्गों का सम्मान और बच्चों को शिक्षा सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी रहे। उन्होंने स्वामी जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में श्री त्रिवेदी ने शिकागो विश्व धर्म सम्मेलन के ऐतिहासिक प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि स्वामी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। उन्होंने युवाओं से स्वामी जी के जीवन दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया। स्वामी सत्यरूपानंद जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत सरकार ने 1984 में स्वामी जी की जयंती को 'युवा दिवस' घोषित किया था। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों और युवाओं से इस दिव्य भावधारा से जुड़ने और समाज कल्याण में अपनी ऊर्जा लगाने की अपील की।



कार्यक्रम का स्वागत भाषण धर्मेंद्र वर्मा ने दिया, जबकि कुशल संचालन हेमानन्द वर्मा द्वारा किया गया। समिति द्वारा इस पावन अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए निम्नलिखित कार्य किए गए। कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्षेत्र के बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को कंबल प्रदान किए गए। स्कूली बच्चों को कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने भी स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित अपने ओजस्वी वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में आश्रम में विशाल भोजन भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन वर्मा ने की। इस अवसर पर दानदाता केजूराम वर्मा, लखना सरपंच श्यामा साहू, जनपद सदस्य मानसिंह वर्मा, समिति सचिव भीषम वर्मा, अशोक कश्यप (सांकरा), लीलाधर वर्मा (सरोरा), मनोज वर्मा (सिलतरा), यश वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और आसपास के ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## भेलवाडीह में गूंजा शाकंभरी महोत्सव, मरार समाज ने बांटी सब्जियां

# समरसता की मिसाल है पटेल समाज : मंत्री बिसेसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम भेलवाडीह में मरार (पटेल) समाज अभनपुर राज के तत्वावधान में भव्य शाकंभरी महोत्सव सह वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर न केवल समाज की एकजुटता दिखी, बल्कि स्वास्थ्य शिविर और ब्लड डोनेशन कैंप के माध्यम से सेवा का संकल्प भी दोहराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौसेवा आयोग अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री बिसेसर पटेल उपस्थित रहे। इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता समाज द्वारा किया गया 'सब्जी दान' रहा। रायपुर घड़ी चौक और अभनपुर बस स्टैंड से लेकर भेलवाडीह तक आने-जाने वाले सर्व समाज के लोगों को ताजी सब्जियां वितरित की गईं। मंत्री बिसेसर पटेल ने इस पहल की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि, बिना किसी भेदभाव के ताजी सब्जी का वितरण करना मरार समाज की उदारता, सरल स्वभाव और निष्ठा को दर्शाता है। उन्होंने समाज के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

**उन्नत कृषि और युवाओं के व्यवसाय पर जोरः** कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला एवं राज अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि समाज अब शिक्षा और व्यवसाय की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आने वाले समय में युवाओं को जैविक खेती और उन्नत कृषि तकनीकों से जोड़कर स्वावलंबी बनाने का लक्ष्य साझा किया। वहीं प्रदेश महासचिव ललित पटेल ने समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने का आह्वान किया।



### सेवा का संकल्प, स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर

आध्यात्मिक आयोजन के साथ-साथ सामाजिक सरोकार निभाते हुए विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया और ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ उठाया।

### प्रतिभाओं का सम्मान और सांस्कृतिक रंग

सम्मेलन में समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं, वरिष्ठ पदाधिकारियों और ग्राम प्रमुखों का सम्मान किया गया। अंतर्राष्ट्रीय कलाकार केके पाटिल ने अपने काव्य पाठ से उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नारी शक्ति की उपस्थिति रही, जिसमें महिला प्रदेश अध्यक्ष रानी पटेल और जनपद सदस्य मेनका संजय पटेल सहित अनेक महिला नेत्रियों ने समाज को संबोधित किया। बैठक में सर्व समाज संयोजक ब्रह्मदेव पटेल, पतिराम पटेल, संरक्षक बिसेसर पटेल, धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, बालोद राज अध्यक्ष गिरधर पटेल, सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल सहित गरियाबंद, धमतरी और पाटन राज के अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

# मंदिर हसौद में भागवत कथा 16 से

**चन्दखुरी।** राजधानी रायपुर से सटे नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में आगामी 16 जनवरी से भक्ति का सैलाब उमड़ने वाला है। यहाँ के दुर्गा मैदान (नगर पालिका कार्यालय के समीप) में भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी तैयारियां अब अपने अंतिम चरण में हैं। इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का वाचन श्रीधाम वृंदावन के परम श्रद्धेय श्री राजीव नयन जी महाराज के मुखारविंद से होगा। गौरतलब है कि महाराज जी का मंदिर हसौद में यह आठवां आयोजन है। उनके कथा वाचन की शैली ऐसी है कि श्रोताओं को साक्षात शुकदेव गोस्वामी द्वारा राजा परीक्षित को सुनाई गई मोक्षदायिनी कथा की अनुभूति होती है। क्षेत्रवासी उनके आगमन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उक्त कथा का आयोजन क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक श्री रामसिंग निर्मलकर एवं उनके कुटुंब परिवार द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की पावन स्मृति में कराया जा रहा है। श्री निर्मलकर अब तक 4 बार भागवत कथा का सफल आयोजन करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ईश्वर की प्रेरणा और शक्ति से ही उन्हें ऐसे धार्मिक अनुष्ठान करने का सौभाग्य प्राप्त होता है।



उनकी ईश्वर के प्रति गहरी आस्था है, जिसके चलते उन्होंने आजाद चौक में माता दुर्गा का मंदिर भी बनवाया है। नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तजन इस 7 दिवसीय आयोजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से मिले किरण देव

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने दिल्ली प्रवास के दौरान मुलाकात कर उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने की बधाई दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने उन्हें दीपकमल पत्रिका भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक गति विधियों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी, डॉ. नवीन मार्कण्डेय, भाजपा प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा मौजूद रहे।

### चाइनीज मांझा के खिलाफ जन-जागरूकता




**रायपुर।** क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा बच्चों की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझा के उपयोग को रोकने के उद्देश्य से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत पेम्पलेट के माध्यम से आम नागरिकों, अभिभावकों एवं विशेष रूप से स्कूलीय छात्रों/बच्चों से अपील की गई है कि वे चाइनीज मांझे का उपयोग न करें। यह मांझा न केवल बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है, बल्कि पक्षियों, पशुओं और राहगीरों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है। हर वर्ष पतंगबाजी के दौरान चाइनीज मांझे से गंभीर चोटें, दुर्घटनाएं और कई बार जानमाल की हानि की घटनाएं सामने आती हैं। पर्यावरण संरक्षण मंडल के अधिकारी प्रकाश कुमार रबडे ने बताया कि चाइनीज मांझा नायलॉन और रासायनिक तत्वों से बना होता है जो न तो आसानी से नष्ट होता है और न ही पर्यावरण के लिए सुरक्षित है। यह लंबे समय तक पेड़ों, बिजली के तारों और खुले स्थानों में फंसा रहता है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ यादव एकता कल्याण संगठन द्वारा 11 जनवरी से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की गई है। यह प्रतियोगिता 31 जनवरी तक जारी रहेगी, जिसमें 7 टीमें खेल रही हैं। यह जानकारी संगठन के अध्यक्ष गौतम यादव ने देते हुए बताया कि राज्य और अन्य राज्य के यादव सामाजिक युवा साथियों को जानकारी एवं लाभ मिले। इसके अलावा 35 हजार प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रखा गया है।

### ऑनलाइन टोकन बंद, किसान परेशान : बैज

**रायपुर।** किसानों को ऑनलाइन टोकन की व्यवस्था को फिर से बहाल करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया जानबूझ कर बाधित की जा रही है। इस खरीफ सीजन के धान खरीदी को पूरा होने में अब एक पखवाड़ा से भी कम समय शेष बचा है। यही वो समय है जब बड़े किसानों का धान मंडी में आता है, ऐसे समय में ऑनलाइन टोकन बंद करना किसानों के साथ अन्याय है। श्री बैज ने कहा, यह सरकार धान की खरीदी को दुर्भावना पूर्वक नियंत्रित करने के लिए बहुत ही अव्यावहारिक शर्तें रोज रोज लागू कर रही है, पहले धान खरीदी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को जारी निर्देश में साफ तौर पर कहा गया है कि उपार्जन केंद्र में प्रतिदिन काटे गए टोकन और वास्तविक खरीदी में ज्यादा से ज्यादा अंतर लाना है, मतलब जितना टोकन काटा गया है, उतना धान मत खरीदो। धान खरीदी में किसानों को धान बेचने से रोकने की कई तरह से कोशिश की गई है जिसका नतीजा है कि इस बार धान हर सोसाइटियों में अब तक कम खरीदा गया है।



# इंटरनेशनल फ्लाइट के साथ नए शहरों और बंद रूट पर उड़ान शुरू करने पर जोर

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से दुबई, सिंगापुर जैसे शहरों के लिए इंटरनेशल फ्लाइट शुरू करने और नए शहरों के साथ बंद रूट की उड़ानें पुनः शुरू करने पर जोर दिया गया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल की अध्यता में एयरपोर्ट एडवाइजरी कमेटी की बैठक में पार्किंग में होने वाली मनमानी का मामला भी उठा। यात्रियों को छोड़ने आने वाले वाहनों को आठ मिनट तक फ्री एंट्री दिए जाने के निर्देश दिए।

एडवाइजरी कमेटी की बैठक के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ से हर साल लगभग एक लाख यात्री विदेश यात्रा को जाते हैं। इसके बाद भी रायपुर से इंटरनेशनल फ्लाइट की सुविधा नहीं है। वहीं रायपुर से देश के हर क्षेत्र में सफर करने वाले है मगर जयपुर, वाराणसी सहित कई शहरों के लिए सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं है। इसी तरह प्रयागराज सहित कुछ शहरों की फ्लाइट नहीं चल रही है। मुंबई सहित कई शहरों में उड़ानों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। सांसद अग्रवाल ने इसके लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में यह बात भी सामने आई कि एयरपोर्ट की पार्किंग में आने वालों वाहनों से शुल्क के नाम पर मनमानी चल रही है। अग्रवाल ने इस पर बंदिश लगाकर यात्री छोड़ने आने वाले वाहनों को एयरपोर्ट में 8 मिनट फ्री पार्किंग की सुविधा देने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक मोती लाल साहू, एयरपोर्ट निदेशक योगेश नगाईच ,समिति सदस्य जएस बाम्बरा, श्रवण शर्मा, सुमीत सुशील, दीपेश पटेल के साथ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए।

### डीजी यात्रा और सिटी बस शुरू करने पर जोर

*बैठक में बताया गया कि नया टेंडर नहीं होने की वजह विमानतल में डीजी यात्रा की सुविधा अभी बंद है। 60 फीसदी से अधिक यात्रियों द्वारा इसका उपयोग किए जाने और समय की बचत का हवाला देकर इसे शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। इसका अलावा शहर से एयरपोर्ट के बीच चलने सिटी बस सेवा का संचालन नहीं किए जाने को गंभीर मसला बताते हुए इसे शीघ्र प्रारंभ किए जाने कहा गया। अग्रवाल ने एयरपोर्ट से रायपुर से दुर्ग–भिलाई–कुम्हारी तक इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने के निर्देश दिए।*



### कार्गो टर्मिनल विकसित करने कहा

*बैठक में विमानतल के पुराने टर्मिनल कार्गो टर्मिनल के रूप में परिवर्तित कर छत्तीसगढ़ के कृषि उत्पाद, वनोपज, हस्तशिल्प एवं औद्योगिक उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने का प्रस्ताव रखा गया। कोल्ड स्टोरेज, पेरिशेबल कार्गो सुविधा, आधुनिक वेयरहाउस और फास्ट क्लियरेंस सिस्टम की कमी को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए गए। बढ़ते यात्री दबाव को देखते हुए नए टर्मिनल या मौजूदा टर्मिनल के विस्तार की योजना पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट के भीतर महंगे खान-पान पर नियंत्रण, टर्मिनल के बाहर किफायती कैफे एवं रेस्टोरेंट, यात्रियों और रिसीव करने वालों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था तथा चौबीस घंटे मेडिकल या एंबुलेंस की स्थायी तैनाती के निर्देश दिए गए।*

## जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय कौशल संवर्धन कार्यशाला

# जनसंपर्क को रणनीतिक संचार और एआई से मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बदलते मीडिया परिदृश्य में प्रभावी, विश्वसनीय और समयबद्ध संचार आज जनसंपर्क की सबसे बड़ी चुनौती है। इसी दृष्टि से आयोजित जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों की दो दिवसीय राज्य स्तरीय कौशल संवर्धन कार्यशाला के दूसरे दिन आज रणनीतिक संचार, प्रशासनिक भूमिका और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के व्यावहारिक उपयोग पर व्यापक एवं गहन मंथन किया गया। कार्यशाला में अधिकारियों ने प्रशिक्षण देने आए विशेषज्ञों से सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं और शंकाओं का समाधान भी किया। जनसंपर्क विभाग के सभी जिला कार्यालयों में पदस्थ तथा संचालनालय के अधिकारी कार्यशाला में शामिल हुए।

कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मीडिया सलाहकार पंकज झा ने जनसंपर्क अधिकारियों के मीडिया से प्रगाढ़ संबंध स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी और समयानुकूल बताते हुए उम्मीद जताई कि यह व्यावहारिक प्रशिक्षण सभी अधिकारियों की पेशेवर दक्षता बढ़ाएगा। वे आधुनिक तकनीकों और टूल्स के साथ जनसंपर्क के दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। उन्होंने विभाग के अधिकारियों की दक्षता बढ़ाने इस तरह का प्रशिक्षण नियमित रूप से आयोजित करने का सुझाव दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन मंगलवार को पहले सत्र में जनसंपर्क विभाग के सेवानिवृत्त अपर संचालक सुभाष मिश्रा ने रेस फार्मूला के माध्यम से जनसंपर्क में उभरते रुझानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने शोध, कार्य , संचार एवं मूल्यांकन के जरिए प्रभावी जनसंपर्क के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि प्रभावी जनसंपर्क केवल सूचना प्रसारण नहीं, बल्कि शोध आधारित योजना, सुविचारित कार्यान्वयन, स्पष्ट संवाद और निरंतर मूल्यांकन की प्रक्रिया है। उन्होंने कई उदाहरण देकर बताया कि इस मॉडल को अपनाकर जनसंपर्क को अधिक परिणामोन्मुख बनाया जा सकता है।

दूसरे सत्र में 'जनसंपर्क की चुनौतियां' विषय पर छत्तीसगढ़ साहित्य परिषद के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने मीडिया की बदलती कार्यशैली, डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका, फेक न्यूज तथा त्वरित एवं तथ्यपरक प्रतिक्रिया की चुनौतियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अधिकारियों को मीडिया संस्थानों की अपेक्षाओं को समझते हुए विश्वसनीय और संतुलित जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। आज के तीसरे सत्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी तथा लेखक सुशील त्रिवेदी ने जनसंपर्क अधिकारी के गुणों एवं प्रशासन में उनकी भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क अधिकारी शासन और जनता के बीच विश्वास की कड़ी होते हैं। उनकी भूमिका केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है, बल्कि जनभावनाओं को समझकर उसे प्रशासन तक पहुँचाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

■ आधुनिक तकनीकों और टूल्स से अपने दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे जनसंपर्क अधिकारी : पंकज झा



### एआई के प्रभावी उपयोग की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी

अंतिम सत्र में वरिष्ठ पत्रकार जोसेफ जॉन ने जनसंपर्क विभाग के कार्यों में एआई के प्रभावी उपयोग की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एआई टूल्स से अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए स्पष्ट प्राम्प्ट देने की तकनीक, प्रॉम्प्ट्स के विभिन्न प्रकार—जीरो शॉट से लेकर चेन-ऑफ-थॉट तक, बेसिक प्रॉम्प्ट से कॉन्टेक्स्ट इंजीनियरिंग, एआई हैलुसिनेशन (गलत आउटपुट) की पहचान तथा ह्यूमैन-इन-द-लूप की अनिवार्यता पर चर्चा की। उन्होंने कुछ एआई टूल्स के व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के साथ ही इनके माध्यम से त्वरित अनुसंधान, कंटेंट रीपरपजिंग, तथ्य-जांच, विचार-मंथन तथा जनसंपर्क विभाग के रोजाना के कार्यों को सरल, तेज तथा अधिक प्रभावी बनाने के तरीकों का अभ्यास भी कराया। कार्यशाला में अपर संचालक जवाहरलाल दरियो, उमेश मिश्रा, संजीव तिवारी, आलोक देव, हर्षा पौराणिक एवं संतोष मौर्य सहित संचालनालय एवं जिलों में पदस्थ अधिकारी मौजूद थे।

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंकों में नवाचार पर जोर : केदार गुप्ता



■ प्रदेश की 2058 सहकारी समितियों में किसानों को माइक्रो एटीएम की मिल रही सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित नवाचार पर जोर दे रहा है। प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों में किसानों की सुविधा के लिए माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। माइक्रो एटीएम से पहले एक दिन जहां हितग्राहियों को 10 हजार रुपए की राशि निकालने की सुविधा दी जाती थी उसे बढ़ाकर अब 20

हजार रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। अपेक्स बैंक के प्राधिकृत अधिकारी केदारनाथ गुप्ता ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाउस लोन को 75 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ करने का प्रस्ताव भेजा गया है। सहकारी बैंकों में ग्राहकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ उपाय अपनाए गए हैं। समिति के केसीसी खातों को सीधे नाम करने का विकल्प सीबीएस में प्रतिबंधित कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक मर्यादित में बैंक के सीबीएस यूजर के साथ आईपी बाइंडिंग लागू कर दिया गया है।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए केदारनाथ गुप्ता ने बताया कि सहकारी बैंकों के द्वारा किसानों को 11.20 लाख रुपए एटीएम कार्ड जारी किया गया है। इसके माध्यम से किसान माइक्रो एटीएम और एटीएम मशीन से राशि आहरण करते हैं।

### अर्धसैनिक बल के सहयोग से आदिवासी महिला का हुआ सुरक्षित प्रसव

**रायपुर।** नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र के दुर्गम इलाके में मानवता की मिसाल पेश करते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल आईटीबीपी ने एक गर्भवती आदिवासी महिला के सुरक्षित प्रसव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सराहनीय घटना ग्राम पद्मेटा, पंचायत लंका अबूझमाड़ क्षेत्र ओरछा की है। प्रसव पीड़ा होने पर संबंधित आदिवासी महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी की एंबुलेंस से ओरछा ले जाया जा रहा था, किंतु आपात परिस्थितियों के कारण लगभग 42 किलोमीटर दूर स्थित सीएचसी ओरछा तक पहुंचना संभव नहीं हो सका। ऐसी विषम परिस्थिति में सीएचसी के चिकित्सा स्टाफ द्वारा डोडीमरका स्थित आईटीबीपी कैंप से सहायता का अनुरोध किया गया।

## अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बोले

# फर्जी लोन और गबन की जांच ईओडब्ल्यू को सौंपेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



अपेक्स बैंक के अध्यक्ष केदार गुप्ता ने बताया, बरमकेला के किसानों के नाम पर हुए फर्जी लोन और गबन की जांच की जा रही है। इस मामले को ईओडब्ल्यू को सौंपा जाएगा। बीते दिनों किसानों के नाम से फर्जी लोन और लगभग 43 करोड़ रुपए के गबन की जानकारी सामने आई है। इस मामले में धारा 64 के तहत प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

जितने भी लोगों ने गबन किया है, सभी पर इसी धारा के तहत कार्रवाई की जाएगी। श्री गुप्ता ने कहा, कोई भी व्यक्ति अगर गबन में शामिल पाया गया तो वह बच नहीं पाएगा। अपराधी चाहे कोई भी हो, सभी पर कार्रवाई तय है। किसानों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, किसी को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और पूरे मामले की पारदर्शी जांच की जा रही है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केदार गुप्ता ने कहा, विपक्ष में रहने के दौरान कांग्रेस के पास बारदाना और चौथी किस्त के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती थी। उन्होंने कहा, यह पैसे की उपलब्धता और ट्रांसफर सिस्टम से जुड़ा मामला है। वर्तमान सरकार के पास प्रदेश में बेहतर ट्रांसफर सिस्टम है, जिसके तहत लगभग 2000 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। हमने किसान भाइयों की सेवा की है और आगे भी उनके हित में काम करते रहेंगे। गबन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# प्रदेश में बनेगा कीर्तिमान, 5 लाख लोग एक साथ कल गाएंगे वन्देमातरम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

सेना दिवस के पावन अवसर पर 15 जनवरी को रायपुर लोकसभा क्षेत्र में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सामूहिक वंदे मातरम् गायन का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बताया, यह देश का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसके अंतर्गत रायपुर एवं बलौदाबाजार भाटापारा जिले के लगभग 3000 स्कूल, कॉलेज एवं समस्त शिक्षण संस्थानों में एक साथ वंदे मातरम् का गान किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में करीब 5 लाख विद्यार्थी, उनके साथ विधायक, पार्षद, जिला पंचायत सदस्य, पंच एवं सरपंच समेत सम्मानित जनता सहभागिता करेगी। श्री अग्रवाल ने बताया, आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में भारत माता के प्रति आदर, सम्मान और गहरी देशभक्ति की भावना को जागृत करना है। मातृभूमि के प्रति समर्पण और कर्तव्यबोध का संस्कार उनमें विकसित हे। इसी संकल्प के साथ यह आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम सुभाष



स्टेडियम, रायपुर में होगा, जहां लगभग 20 हजार युवा एक स्वर में वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रभक्ति का अनुपम दृश्य रचेंगे। इस अवसर पर डाक परिमंडल द्वारा वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर आधारित विशेष पिक्चर पोस्टकार्ड का विमोचन भी किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें से सर्वश्रेष्ठ तीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन की व्यापक तैयारी हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्कूल शिक्षा विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, आयुष विश्वविद्यालय, तकनीकी विश्वविद्यालय एवं कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अपने-अपने संस्थानों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

# अब आवारा कुत्तों के लिए बनेंगे कमरे और किचन, गार्ड करेंगे रखवाली

## जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने तैयार की गाइड लाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आवारा कुत्तों के मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर छत्तीसगढ़ में नई व्यवस्था बनाने की तैयारी है। राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने इस का काम के लिए गाइड लाइन तैयार की है। इसके मुताबिक अब आवारा कुत्तों के लिए कैनल यानि कमरे बनेंगे, यहां उनके खाने पीने के इंतजाम के लिए किचन बनाया जाएगा और खास बात ये है कि इन कुत्तों की निगरानी गार्ड करेंगे।

**ये है मामला :** सुप्रीम कोर्ट ने एक सु मोटो रिट पिटीशन की सुनवाई के बाद अंतरिम आदेश पारित किया है। इसी संबंध में राज्य के मुख्य सचिव ने एक समीक्षा बैठक में कहा था कि प्रत्येक नगरीय निकाय में आवारा कुत्तों के लिए एक आश्रय स्थल, पंचायत स्तर पर पुराने शासकीय



भवन, बाड़ा, के आसपास आश्रय स्थल बनाया जाए। इस आदेश के पालन में लो कास्ट अस्थायी आश्रय स्थल बनाया जा रहा है। इसके लिए छग राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने एक गाइड़ लाइन तैयार की है और सुझाव पेश किए हैं।

### ये सुविधाएं होंगी आश्रय स्थल में

गाइडलाइन के मुताबित लो कास्ट अस्थायी आश्रय स्थल में ये व्यवस्था आवश्यक रूप से की जानी चाहिए जिसमें अनलोडिंग एरिया, गार्ड रुम, किचन, कैनल, आइसोलेशन कैनल शामिल है। अनलोड़िंग एरिया का मतलब वाहनों से कुत्तों को उतारने के लिए सुरक्षित ओपन एरिया। कैनल वह कमरा जहां कुत्तों के रखा जाएगा। यहां कैनल में लोहे के दरवाजे के साथ कमरा तीन तरफ से बंद होना चाहिए। इस गाइड़ लाइन में बताया गया है कि एक कुते के लिए 12 फिट जगह लगेगी। कैनल हवादार होना चाहिए इसे इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि कुत्ते आराम से सो सकें।

### कुत्तों के लिए किचन

कुत्तों के लिए किचन की भी सिफारिश की गई है। जहां उन्हें दिन में दो बार भरपूर पर्याप्त भोजन, पीने लायक पानी का इंतजाम होगा। किचन में खाना पकाने की व्यवस्था के साथ सिंक, प्लेटफार्म, राशन स्टोर करने की जगह और इसके लिए अलग कक्ष भी होगा। खास बात ये है कि कुत्तों की देखभाल के लिए गार्ड होंगे, जहां 24 घंटे निगरानी होगी। लो कास्ट अस्थायी आश्रय स्थल के लिए लागत 10 लाख रुपए अनुमानित की गई है।

## पैनलों के बीच कड़ी टक्कर, संगवारी पैनल के 4 प्रत्याशी जीते

# रायपुर प्रेस क्लब चुनाव : मोहन अध्यक्ष, गौरव बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर में मंगलवार को रायपुर प्रेस क्लब चुनाव-2026 में संगवारी पैनल के चार सदस्यों ने अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव पद पर अपना परचम लहराया। वहीं उपाध्यक्ष एवं एक संयुक्त सचिव का पद दूसरे पैनल के कब्जे में गया।

अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव गौरव शर्मा भारतीय, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु एवं संयुक्त सचिव भूपेश जांगड़े व निवेदिता साहू चुने गए। प्रशासन द्वारा जीत की घोषणा किए जाने के बाद विजयी पत्रकारों का रंग-गुलाल लगाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मंगलवार को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में बड़ी संख्या में पत्रकारों ने हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव को लेकर सुबह से ही प्रेस क्लब परिसर में खासा उत्साह देखने को मिला, जहां वरिष्ठ और युवा पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी रही। चुनाव परिणाम घोषित होते ही स्पष्ट हो गया कि रायपुर प्रेस क्लब की पुरानी कार्यकारिणी के बजाय अब नया नेतृत्व मिल गया है। अध्यक्ष पद पर मोहन तिवारी ने अपने प्रतिद्वंदी से काफी वोटों से जीत दर्ज कर रायपुर प्रेस क्लब की कमान संभाली है। उनकी जीत को संगठन में संतुलन और अनुभव के पक्ष में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अध्यक्ष पद के लिए मोहन तिवारी को 268, प्रफुल्ल ठाकुर 131, प्रशांत दुबे 101, अनिल पुसदकर 88, सुनील नामदेव 38, केके शर्मा को 21 वोट मिले।



### छह पैनलों में कड़ी टक्कर

रायपुर प्रेस क्लब के इतिहास में पहली बार 6 अलग-अलग पैनल चुनावी मैदान में उतरे, जिनके बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। संगवारी, संकल्प, प्रतिष्ठा, क्रांतिकारी, परिवर्तन और सर्व एकता पैनल ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारकर पत्रकारों के बीच समर्थन जुटाने की पूरी कोशिश की। चुनाव प्रचार के दौरान सभी पैनलों ने पत्रकार हित, प्रेस क्लब की आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, प्रेस क्लब भवन के आधुनिकीकरण, पत्रकार सुरक्षा, बीमा और प्रशिक्षण जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। यही वजह रही कि मतदान के दिन पत्रकारों में खासा उत्साह नजर आया और मतदान प्रतिशत भी संतोषजनक रहा।

### पुलिस और प्रशासन तैनात

मतदान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान केंद्र पर चुनाव अधिकारियों की सतर्कता के साथ-साथ पुलिस प्रशासन की भी तैनाती रही, जिससे किसी तरह की अव्यवस्था की स्थिति नहीं बनी। शाम 4 बजे मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसमें प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की धड़कनें तेज रहीं। परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहन तिवारी ने जीत के बाद सभी पत्रकारों का आभार जताते हुए कहा कि वे प्रेस क्लब को एकजुट कर पत्रकारों के हित में काम करेंगे। संगठन में पारदर्शिता, समन्वय और संवाद को प्राथमिकता दी जाएगा।

### उच्च शिक्षा विभाग में होगी विभिन्न पदों पर 800 से अधिक की होंगी भर्तियां

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन हैं। उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभाग में 880 विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी की गई थी। इनमें प्रयोगशाला परिचारक के 430, भृत्य के 210, चौकीदार के 210 एवं स्वीपर के 30 पद शामिल हैं। भर्ती प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के तहत की जा रही है। प्रयोगशाला परिचारक के 430 पदों हेतु छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा चुका है तथा अनंतिम सूची भी जारी कर दी गई है, वहीं चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही संचालनालय में तेजी से किया जा रहा है।

# एडमिशन में रिस्क, ओपन सीटों पर दूसरे राज्यों के छात्रों की दिलचस्पी कम, 15 तक बढ़ाई गई तारीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मेडिकल कालेजों की एमडी-एमएस की सीटों पर ओपन कोटे की सीटों में रिस्क होने की वजह से दूसरे राज्यों के छात्र प्रवेश लेने से पीछे हट रहे हैं। पहले की तरह दूसरे राउंड में भी बाहरी छात्र प्रवेश लेने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। दूसरे दौर के प्रवेश की अंतिम तिथि मंगलवार 13 जनवरी थी, जिसे 15 तक बढ़ा दिया गया है। पीजी प्रवेश में लागू किए गए ओपन कोटा वाले सिस्टम के खिलाफ हाईकोर्ट में मामला लंबित है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हाईकोर्ट के फैसले के अधीन होने के तर्क के साथ निजी और प्रायवेट मेडिकल कालेज के एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन करा रही है। इसमें राज्य कोटे की आधी सीटों पर प्रवेश ओपन मेरिट के आधार पर दिया जा रहा है। पीजी एडमिशन में रिस्क का फैक्टर असर दिखा रहा है। आवंटन प्राप्त होने के बाद भी दूसरे राज्य के छात्र हाईकोर्ट में मामला लंबित होने की वजह से प्रवेश लेने से कतरा रहे है। पहले राउंड में ओपन कोटे की 14 सीटें गैर राज्य के चिकित्सा छात्रों को मिली थी जिसमें से केवल दो ने प्रवेश लिया था और बाकी सीटों को दूसरे राउंड की काउंसिलिग में शामिल किया गया। इसी तरह दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में 56 छात्रों के नाम थे जिसमें 54 को सीटों का आवंटन नहीं किया गया। पीजी प्रवेश की प्रक्रिया इस बार काफी धीमी गति से चल रही है।

## मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों में एडमिशन, स्थानीय छात्र ले रहे प्रवेश

### 31 जनवरी तक प्रवेश

एमसीसी द्वारा मेडिकल कालेजों में पीजी प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की गई है। यानी बीते 15 दिनों में मॉपअप और स्ट्रे राउंड के माध्यम से खाली सीटों पर भरने के लिए काउंसिलिंग पूरी करानी होगी। दूसरे राउंड स्टेट इंस्टीट्यूशनल कोटे की 131 तथा ओपन कोटे की 147 सीटों को शामिल किया गया है। प्रवेश प्रक्रिया के बाद रिक्त सीटों को मॉपअप राउंड में शामिल किया जाएगा। राज्य में इस बार शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की कुल 593 सीटें हैं।

- दूसरे दौर के प्रवेश की अंतिम तिथि मंगलवार 13 जनवरी थी
- शासकीय और निजी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की कुल 593 सीटें



### सीट छोड़ने रिक्वेस्ट

इधर मेडिकल काउंसलिंग कमेटी को पीजी अभ्यर्थियों द्वारा अलॉट की गई सीट छोड़ने की अनुमति देने का निवेदन किया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए एमसीसी ने 15 जनवरी तक सुरक्षा निधि की राशि जब्त कर सीट छोड़ने की सुविधा देने का फैसला लिया गया है। खाली होने वाली सीटों को राउंड-3 की सीट मैट्रिक्स में जोड़ा जाएगा। ऑल इंडिया कोटे की इन सीटों का त्याग करने के लिए अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थानों में जाकर प्रत्यक्ष रिपोर्ट करनी होगी।

## खबर संक्षेप

### इंदौर बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा : मुकेश ने ब्रांज मेडल पर किया कब्जा



**रायपुर।** इंदौर में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक आयोजित मि. इंडिया बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छग के बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया। इस मौके पर बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन छग के महासचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता में देशभर के 250 बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छग के बॉडी बिल्डरों में 60 किलो वजन वर्ग में रायपुर के मुकेश कुमार ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया और 5000 नकद ईनाम जीता। इसी प्रकार 85 किलो वजन वर्ग में राजनांदगांव के अभय शुक्ला ने गोल्ड मेडल समेत 10 हजार नकद ईनाम के साथ अपने ग्रुप में कब्जा जमाया। खरोरा के शैलेंद्र देवांगन ने मेन्स फिजिक में ब्रॉन्ज मेडल लिया। प्रतियोगिता का संचालन मोहन सिंह राठौर ने किया। इस अवसर पर छग बॉडी बिल्डिंग के आजीवन अध्यक्ष शिव मोहन शुक्ला, छग बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष दुर्गेश साहू, रायपुर बॉडी बिल्डिंग के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल, हेमंत परमाले, कुंदन सिंह ठाकुर, गौरव सेन , शशि साहू, पोषण बांधे, खिलेश्वर वर्मा ने विजयी बॉडी बिल्डर की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# सीएएफ भर्ती की वेटिंग लिस्ट क्लीयर करने की मांग सड़क पर उतरे अभ्यर्थी, गृहमंत्री के बंगले के बाहर धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भर्ती परीक्षा 2008 की प्रतीक्षा सूची वाले अभ्यर्थी वेटिंग क्लीयर करने की मांग को लेकर मंगलवार को परिजनों के साथ राजधानी की सड़क पर उतरे। गृहमंत्री विजय शर्मा के बंगले के बाहर उन्होंने धरना दिया। सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वे डटे रहे। दोपहर बाद पुलिस प्रशासन ने उन्हें बलपूर्वक वहां से हटाकर वाहन से तूता धरना स्थल ले जाकर छोड़ा। इन अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्ष 2018 में भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक उनकी वेटिंग लिस्ट क्लीयर नहीं की गई है, जिससे उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है। हाथों में मांग की तख्तियां लिए छोटे-छोटे बच्चों के साथ कुछ अभ्यर्थी इस प्रदर्शन में शामिल रहे। प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी लगातार शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी मांग की ओर दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। अभ्यर्थियों ने बताया कि वे 22 दिसंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसी वजह से नाराज अभ्यर्थी गृहमंत्री विजय शर्मा के बंगले के बाहर धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर हुए।



- दोपहर बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वाहन में तूता धरना स्थल ले जाकर छोड़ा
- परिजनों के साथ धरने पर
- 7 साल से नियुक्ति आदेश का इंतजार

### 7 साल से नियुक्ति की बाट जोह रहे 417 अभ्यर्थी

सीएएफ भर्ती परीक्षा 2018 की प्रतीक्षा सूची वाले प्रदेश के 417 अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है, वे 7 साल से नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं, इसके बाद भी उनकी नियुक्ति नहीं हो पाई है। हमें केवल आश्वासन दिया जा रहा है। अभ्यर्थियों का ये भी कहना है कि उन्होंने कई बार ज्ञापन सौंपा, अधिकारियों से मुलाकात की और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बातें रखी पर उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका कहना है नियम अनुसार अब तक प्रतीक्षा सूची क्लीयर हो जानी चाहिए थी और उन्हें नियुक्ति मिल जानी चाहिए थी। केवल अभ्यर्थी ही नहीं, बल्कि उनके परिजन भी ठिठुराने वाली ठंड में अनजान शहर में उनका मनोबल बढ़ाने आए हैं।

# चाइनीज मांझा पर सख्ती 2 दुकानों से 8 बंडल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में चाइनीज मांझा से एक महिला के घायल होने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने मांझा बेचने वाले दुकानदारों पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। मकर संक्रांति के एक दिन पूर्व मंगलवार को नगर निगम की टीम ने पतंग दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान दो दुकानों से 8 बंडल चाइनीज मांझा जब्त किया।

नगर निगम के जोन-6 की टीम ने संतोषी नगर स्थित राज ट्रेडर्स और भाठागांव चौक के पास स्थित दो पतंग दुकानों की जांच की। इस दौरान इन दोनों दुकानों से 8 बंडल प्रतिबंधित चाइनीज मांझा जब्त किया। प्रतिबंधित होने के बाद भी इन दुकानों में चाइनीज मांझा बेचा जा रहा था, जबकि इससे पूर्व भी नगर निगम की टीम ने कई दुकानों में औचक निरीक्षण करते हुए चाइनीज मांझा जब्त कर चुकी है।



**आदेश की खुलेआम धज्जियां, कार्रवाई के नाम पर सिर्फ जब्ती:** कलेक्टर ने पूरे जिले में चाइनीज मांझा पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बाद भी पतंग दुकानों में खुलेआम आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए यह मांझा बेचा जा रहा है।

# कार का कांच तोड़कर साढ़े 11 लाख की उठाईगिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के देवेंद्रनगर इलाके में दिनदहाड़े एक कारोबारी उठाईगिरी का शिकार हो गया। करीब पांच आरोपियों ने अंडरब्रिज के पास कार का कांच तोड़कर उसमें रखी 10 लाख नकदी, लैपटॉप सहित अन्य इलेक्ट्रानिक सामान पार कर दिया। घटना की रिपोर्ट गंज थाना में दर्ज कराई गई है। इसके बाद से पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर आरोपियों को तलाशना शुरू कर दिया है।

गंजा थाना प्रभारी ने बताया कि स्ट्रील एल10 स्वर्णभूमि विधानसभा रोड निवासी प्रवेश अग्रवाल अपनी कार को देवेंद्रनगर स्थित अपोलो डायग्नोसिस ओवरब्रिज के पास शाम करीब 5.30 बजे खड़ी किया था। इसी दौरान 4 से 5 आरोपी कार के पास पहुंचे और उसका कांच तोड़कर उसमें रखे नकद 10 लाख रुपए, एक लैपटॉप, एक हार्ड डिक्स चोरी कर ले गए। चोरी हुए इलेक्ट्रानिक सामान की कीमत 45 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने मामले में धारा 305सी, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



### *सीसीटीवी में कांच तोड़कर बैग ले जाते दिखे आरोपी*

*कारोबारी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू करते हुए घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इनमें से एक सीसीटीवी कैमरे के फूटेज में 4 से 5 युवक कार के पास घूमते दिखे, वहीं एक युवक कांच तोड़कर बैग उठाते भी दिख रहा है। इस फूटेज के आधार पर पुलिस अब आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है।*


# नियमितीकरण की मांग, संविदा विद्युत कर्मी हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ संविदा विद्युत कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेश के संविदा विद्युत कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। 12 से 14 जनवरी तक सांकेतिक काम बंद हड़ताल कर वे अपने हक की आवाज बुलंद करने प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजली कंपनी की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध में संविदा कर्मचारियों का आंदोलन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से लगातार पावर कंपनी प्रबंधन संविदा कर्मचारियों को गुमराह कर आश्वासन पर आश्वासन दे रहा है, किंतु किसी भी सहमति पर आदेश प्रसारित नहीं कर रहा है, जिससे संविदा कर्मचारियों में कंपनी प्रबंधन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है संविदा विद्युत कर्मचारी संघ पॉवर कंपनी प्रबंधन का सम्मान करते हुए आश्वासन पर अपना आंदोलन स्थगित करते आया, किंतु इस बार वेतन वृद्धि एवं राष्ट्रीय पर्व पर कार्य के बदले अतिरिक्त वेतन के संबंध में आदेश प्रसारित न होने तथा नियमितीकरण संबंधी किसी भी प्रकार के प्रावधान न करने से नाराज है।



संघ के अध्यक्ष हरिचरण साहू ने बताया कि कंपनी प्रबंधन जिन परिपत्रों का हवाला देखकर आंदोलन को असंवैधानिक बता रहा है, इस परिपत्र एवं उसी पूर्ववर्ती मंडल एवं पावर कंपनी में संविदा कर्मियों को दो वर्षों में नियमित करने का प्रावधान रहा है। कंपनी प्रबंधन ने वर्ष 2004, 2006,2007, 2009, 2011 एवं कार्यालय सहायकों को 2014 में 2 वर्ष की संविदा अवधि पूर्ण करने पर नियमित किया है। जबकि 2016 एवं 2018 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को 10 वर्ष एवं शासन पूर्ण होने पर भी पावर कंपनी प्रबंधन नियमित नहीं कर रहा है। कंपनी प्रबंधन ने 2016 में संविदा भर्ती के समय एजेंडा पास किया था, जिसमें 6 वर्ष की संविदा अवधि पूर्ण करने पर नियमित करने का स्पष्ट जिक्र किया है, किंतु इस पर भी निर्णय कंपनी प्रबंधन नहीं ले रहा है।













## मकर संक्रान्ति का महत्व

शास्त्रों के अनुसार दक्षिणायण को देवताओं की रात्रि अर्थात् नकारात्मकता का प्रतीक तथा उत्तरायण को देवताओं का दिन अर्थात्सकारात्मकता का प्रतीक माना गया है। चूंकि मकर संक्रान्ति के दिन सूर्य की उत्तरायण गति प्रारंभ होती है इसीलिए इस दिन जप, तप, दान, स्नान, श्राद्ध, तर्पण आदि धार्मिक क्रियाकलापों का विशेष महत्व है। सामान्यत: सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं, किन्तु कर्क व मकर राशियों में सूर्य का प्रवेश धार्मिक दृष्टि से अत्यन्त फलदायक है।

मकर संक्रान्ति से पहले सूर्य दक्षिणी गोलार्ध में होते हैं इसी कारण भारत में रातें बड़ी एवं दिन छोटे होते हैं तथा सर्दी का मौसम होता है। किन्तु मकर संक्रान्ति के दिन से सूर्य उत्तरी गोलार्द्ध की ओर आना प्रारंभ करते हैं, जिसके कारण इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा गरमी का मौसम शुरू हो जाता है।

## मकर संक्रान्ति का ऐतिहासिक महत्व

1. पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अत: इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। 2. महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिये मकर संक्रान्ति का ही चयन किया था। 3. मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। 4. यशोदा जी ने जब कृष्ण जन्म के लिए व्रत किया था तब सूर्य देवता उत्तरायण काल में पदार्पण कर रहे थे और उस दिन मकर संक्रान्ति थी, तभी से मकर संक्रान्ति व्रत का प्रचलन शुरू हुआ।




Wishing You All A Very Happy Makar Sankranti
Affl. to CBSE New Delhi (Affi. No. 3330020)
GYAN GANGA EDUCATIONAL ACADEMY, RAIPUR
विद्यामृतं मश्नुते
Estd. 1992
GYAN GANGA
EDUCATIONAL ACADEMY
Gyan Ganga
Educational Academy
Strong Academics
Disciplined Environment
NCC & Leadership Training
Sports & Physical Development
Co-Curricular Activities
Modern Infrastructure
Robotics & AI-Based Learning
Admissions Open
Session : 2026 - 2027
Classes : KG I to IX & XI
GLORIOUS PAST OF 33 YEARS...
33 Years
Gyan Ganga Educational Academy
Vidhan Sabha Marg, Nardaha, RAIPUR - (C.G.)
0771-2284716, 2284816
www.gyangangaraipur.com gyangangaraipur@yahoo.co.in
In The Cause Of Excellence In Education

हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 14 जनवरी 2026

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



बच्चों को पसंद कार्टून कैरेक्टर वाली ...


## लाइव इवेंट

### अनुशासन और आत्मविश्वास का स्काउट गाइड ने दिया परिचय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय शिविर में केंद्रीय विद्यालय 12 विभिन्न गतिविधियों और प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर विजेता बने। इस दौरान विद्यार्थियों को उत्साह देखते ही बना। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से आए रोवर- रेंजर्स के बीच केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अनुशासन, कौशल, सांस्कृतिक प्रस्तुति और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मार्च पास्ट, कैंप क्राफ्ट, बैकवुड्स कुकिंग, कैंप फायर, फोक डांस, स्टेट एग्ज़ीबिशन, एथनिक फैशन, स्टेट गेट सहित 12 विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में विशिष्ट स्थान प्राप्त कर केंद्रीय विद्यालय का नाम रौशन किया। राष्ट्रीय रोवर–रेंजर जंबूरी का समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा विद्यालय के उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया गया।

#### प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित



सम्मान प्राप्त कर विद्यालय आगमन पर केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने सभी रोवर रेंजर छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दीं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्सहित करते हुए कहा यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। केंद्रीय विद्यालय संगठन की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। स्काउट गाइड गतिविधियां जीवन में नेतृत्व, सेवा भावना और आत्मविश्वास विकसित करती हैं, उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

#### गुरुद्वारों से लेकर घरों तक अलाव जलाकर की परिक्रमा, गुड़, तिल, रेवड़ी, पोहा की अर्पित

# भांगड़ा-गिद्दा पर झूमे पंजाबी समाजजन, लोहड़ी पर छाई खुशियां, ढोल की थाप पर थिरके कदम

लोहड़ी पर्व पंजाबी समुदाय ने घर-घर में धूमधाम से मनाया। इस मौके पर गीत गाकर गिद्दा-भांगड़ा किया। पंजाबी समुदाय गीत गाकर लोहड़ी पर्व का जश्न मनाया। पंजाबी समाज के लोग अपने घर के बाहर और गुरुद्वारों में अलाव जलाकर सभी के लिए मंगलकामना की। इस मौके पर अलाव के चारों ओर नाचते, गाते हुए परिक्रमा करके गुड़, तिल, रेवड़ी, पोहा अर्पित किए।







**रायपुर।** अलाव जलाने के बाद नृत्य करते हुए दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में लोकगीत गाए गए। पंजाबी समुदाय में इस साल जिस घर में शादी और नए मेहमान (संतान) आने की खुशी में उनके घर में लोहड़ी पर अलग तरह माहौल दिखाई देता है। यहीं कारण है कि इस दिन का इंतजार पंजाबी समाज को काफी पहले से रहता है।

#### जीवन विहार सोसायटी में लोहड़ी की धूम

तेलीबांधा स्थित जीवन विहार सोसायटी में लोहड़ी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कड़कड़ाती ठंड के बीच सोसायटी के रहवासियों ने सामूहिक रूप से पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सभी सदस्यों ने 'सुंदर मुंदरिए हो' जैसे पारंपरिक लोकगीतों के बीच अग्नि की परिक्रमा की और उसमें रेवड़ी, मूंगफली व तिल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान उत्सव का माहौल देखने लायक था। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने पंजाबी धुनों और लोकगीतों पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को लोहड़ी की बधाई दी। सांस्कृतिक गतिविधियों ने सोसायटी के वातावरण को उल्लास और उमंग से भर दिया। इस आयोजन में रश्मि ठक्कर, हार्दिक मंधन, रेखा देगन, सत्तू सिंह, ईशान सिंह, जय मलानी, मोना, सौम्या, शिखा धुप्पड़, कल्पना राही, सीमा साहू, कविता गुप्ता, रश्मि अकोलकर और अंजू जयसिंघानी सहित सोसायटी के अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद लिया।

#### 108 परिक्रमा कर मनाया लाल लोई पर्व, छेज नृत्य और लोकगीतों की मची धूम



पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर श्याम नगर स्थित प्रधान कार्यालय के समक्ष 'सर्व मनोकामना सिद्ध लाल लोई' पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान झूलेलाल की आरती व पंजड़ा गायन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, प्रवक्ता सुभाष बजाज व महिला विंग अध्यक्ष दीक्षा रामानी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं और महिलाओं को अपनी पारंपरिक संस्कृति से जोड़ना है। लाल लोई में विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई। मान्यता है कि मनोकामना मन में रखकर इस पवित्र अग्नि की 108 परिक्रमा करने से सभी इच्छाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं ने अग्नि में तिल, मिठाई व अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान सिंधी लोकगीतों और पारंपरिक 'छेज' नृत्य ने समां बांध दिया।

#### इनका रहा विशेष योगदान

आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से महेश दरयानी, सुभाष बजाज, दीक्षा रामानी, बाबा मुरलीधर उदासी, बलराम आहूजा, कैलाश बालानी, तनेश आहूजा, विकास रूपरेला, अनिल लाहौरी, मनीष पंजवानी, रतन वर्ल्याणी, विनोद संतवानी, कनक खेमानी, चंचल बजाज, जूही दरयानी, कृतिका बजाज और तनीशा गुलाब माखीजा ने अहम भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त महिला व युवा विंग के अन्य सभी सदस्यों ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

## सिटी इवेंट

### यू-ट्यूब देखकर सीखा ईपोक्सी आर्ट्स, फूल पत्तियों से ज्वेलरी बनाकर शुरू किया स्टार्टअप





**रायपुर।** सीखने की ललक हो तो कहीं से कभी भी शुरुआत की जा सकती है। ऐसा ही कुछ कार्य शहर के यशवंत ने किया है। एजुकेशन के बाद पॉकेट मनी कमाने और खुद का स्टार्टअप शुरू करने की जिद ने यशवंत को आत्मनिर्भर युवा बनाया। वे प्रदेशभर की जंगलों से विविध प्रजाति के जंगली फूल-पत्तियां चुनकर रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी तैयार करते हैं। फिर इसे सरकारी और प्राइवेट प्रदर्शनियों में ऑफलाइन स्टॉल लगाकर रियल फ्लॉवर ज्वेलरी बेचते हैं। यशवंत ने बताया कि 3 साल पहले यू-ट्यूब से ईपॉक्सी आर्ट सीखा और अब वह ताजे फूलों जैसे गेंदा, गुलाब, चमेली, पत्तियों को सुखाकर फिर उन्हें रेजिन की मदद से एसेसरीज की तरह झुमके, हार, मांग टीका में जड़ा जाता है, जिसमें यूवी लैंप और बेसिक क्रॉफ्ट मटेरियल जैसे तार, मोती और सेफ्टी पिन का इस्तेमाल होता है। यह हल्दी या मेहंदी जैसे फंक्शन के लिए लोकप्रिय है और घर पर बनाना आसान है। इस रियल नेचुरल इंस्पाइरिंग बॉटनिकल ज्वेलरी की यूथ में आजकल खूब डिमांड हो रही है।

#### सरगुजा के जंगल से लाते हैं फूल-पत्तियां

यशवंत ने बताया कि वे सरगुजा के जंगल तक से विविध प्रकार के बॉटनीकल पौधों व औषधीय पौधों के फूल, पत्तियां चुनकर लाते हैं, इसे ईपोक्सी आर्ट मेकिंग प्रोसेस में 5 से 8 दिन तक सुखाते हैं। इसके बाद बॉटनीकल ज्वेलरी तैयार करते हैं। वे ज्वेलरी के अलावा होम डेकोरेशन के आयटम्स भी बना रहे हैं।





#### ये है बनाने का तरीका

पहले ताजे फूलों को कुछ दिन सुखाएं, फिर उन्हें फ्लैट करें। इसके बाद तय करें कि आपको झुमके, हार या हेयर एसेसरीज जैसे हेयर वेणी बनानी है। इसके बाद एक सिलिकॉन मोल्ड या मैट पर फूल रखें। फूलों पर थोड़ी मात्रा में रेजिन डालें और उसे लैंप के नीचे सुखाएं। चाहें तो चमक या जेल नेल पॉलिश की पतली परत भी डाल सकते हैं। रेजिन सूखने के बाद फूलों को मोल्ड से निकाल लें। इससे अब एसेसरीज को जोड़कर विविध डिजाइन तैयार कर सकते हैं।

# छह साल की दिशा जूनियर मिस इंडिया के ग्रैंड फिनाले में टॉप-9 फाइनलिस्ट बनीं





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की बेटी दिशा शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन किया है। मात्र 6 वर्षीय प्रतिभाशाली बालिका दिशा शर्मा का चयन जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता के ग्रैंड फिनाले में टॉप-9 फाइनलिस्ट के रूप में हुआ है। यह भव्य आयोजन राजस्थान की राजधानी जयपुर में संपन्न हुआ। देशभर से आए सैकड़ों प्रतिभागियों के बीच दिशा ने अपने आत्मविश्वास, प्रभावशाली मंच प्रस्तुति और उत्कृष्ट प्रतिभा के दम पर विशेष पहचान बनाई। इतनी कम उम्र में राष्ट्रीय मंच पर यह उपलब्धि हासिल करना उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। दिशा शर्मा एक उभरती हुई कम उम्र की प्रतिभाशाली डांसर और मॉडल हैं। वे अब तक कई फैशन शो और ड्राइंग प्रतियोगिताओं में विजेता रह चुकी हैं। कला के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी दिशा का प्रदर्शन सराहनीय है और वे अपनी कक्षा में टॉपर रही हैं।

> राजस्थान की राजधानी जयपुर में जूनियर मिस इंडिया प्रतियोगिता

#### कम उम्र में भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं

जूनियर मिस इंडिया के ग्रैंड फिनाले में दिशा शर्मा की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे शहर और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव का विषय है। दिशा आज हजारों बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई हैं और यह संदेश देती हैं कि सही मार्गदर्शन और मेहनत से कम उम्र में भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

# राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रादेशिक सम्मेलन 25 को, सम्मेलन में जुटेंगे लोग

**रायपुर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक पं. सुंदरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी सरयूपारीण ब्राह्मण समाज भवन सेक्टर 7 में आयोजित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, सरयूपारीण ब्राम्हण समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही, राकेश शुक्ला प्रदेश सचिव, मृदुला शुक्ला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में सरयूपारीण, कान्यकुब्ज, सनाढ्य, गौड़, मैथिली ब्राह्मण, पंजाबी ब्राह्मण, तमिल ब्राह्मण, जिझौतिया, गुजराती ब्राह्मण, आंध्र ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान शशिकांत तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कहा 25 जनवरी को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का प्रादेशिक सम्मेलन, सम्मान समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन सतनाम भवन दुर्ग में 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें पूरे प्रदेश के साथ साथ अन्य प्रदेशों से भी ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी विप्र बंधुओं से इल विशेष आयोजन में उपस्थित होकर विप्र समाज को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने की बाते कही। सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज के अंतर्गत कई प्रदेश के भाषा भाषी ब्राह्मण परिवार आते हैं और समाज को और अधिक मजबूत बनाने के लिए हमें एक होकर कार्य करना है। प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश से इस कार्यक्रम में अपनी सभी सदस्यों का आगमन होगा।

## कार्नर न्यूज

#### छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा नजदीक, तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स

# एग्जाम के लिए निर्धारित 3 घंटे में प्रश्नों को हल करने की क्षमता का करें अभ्यास

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा नजदीक है। ऐसे में स्टूडेंट्स सफल होने पूरी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए वह घर, कक्षा और एक्स्ट्रा क्लासेस पहुंच रहे हैं। ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर के आधार पर स्टूडेंट्स विषयों के रिवीजन पर फोकस कर रहे हैं। वहीं विषयों की पूरी तैयारी के लिए विषयवार मॉडल पेपर के प्रश्नों का लिखित अभ्यास भी घर और कक्षा पर करा रहे हैं। इस अभ्यास से एक तरह से परीक्षा हॉल में एग्जाम के लिए निर्धारित 3 घंटे में प्रश्नों को हल करने की क्षमता का आकलन हो जा रहा है। इससे परीक्षा की तैयारी पूरी हो जाएगी और आत्मविश्वास बढ़ेगा। ऐसा करने से परीक्षा के दिन एग्जाम हॉल में किसी भी तरह का मानसिक तनाव या डर जैसी स्थिति से बच जाएंगे। 10वीं व 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए गवर्नमेंट दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य हितेश दीवान ने यह टिप्स साझा किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ माध्यामिक शिक्षा बोर्ड ने आगामी बोर्ड परीक्षा को लेकर सब्जेक्ट के सिलेबस ब्लूप्रिंट और मॉडल पेपर भी जारी कर दिए हैं। यह ब्लूप्रिंट व मॉडल पेपर स्टूडेंट्स के कांसेप्ट को परीक्षा से पहले ही क्लीयर कर देता है कि उनको परीक्षा की तैयारी किस पैटर्न में करनी है। वहीं स्टूडेंट्स के मन में किसी भी विषय के किसी भी टॉपिक को लेकर कोई कठिनाई या कन्फ्यूजन की स्थिति हो रही है तो अभी समय रहते वे अपने टीचर्स और पैरेंट्स से समस्या को शेयर कर लें।

#### टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें



स्टूडेंट्स अपने पर भरोसा कर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित रखें। पढ़ाई के दौरान किसी भी तरह की कठिनाई, मन में हताशा या नकारात्मक भाव आएं तो वे अपने पैरेंट्स, टीचर्स से बात कर समस्या का समाधान ढूंढें। इस स्थिति में पैरेंट्स व टीचर्स बच्चों का हौसला बढ़ाएं। यह टिप्स शहर की जानी-मानी शैक्षणिक परामर्श मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर व कॅरियर काउंसलर डॉ. अजित वरवंडकर बताते हैं कि स्टूडेंट्स के लिए बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर टिप्स साझा किया।

#### रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें

परीक्षा के समय स्टूडेंट्स का मन स्वभाविक तौर पर अति संवेदनशील मनोदशा से गुजरता रहता है। वहीं स्टूडेंट्स को सलाह है कि वे परीक्षा के दबाव या तनाव से बचने के लिए टॉपिक्स की रिवीजन टाइम टेबल बनाकर करें। साथ ही पढ़ाई के दौरान रिलेक्सेशन यानी अपनी हॉबी के लिए भी समय निकालें। पर्याप्त नींद लें और पौष्टिक भोजन रुटीन में शामिल करें। एकाएक परीक्षा के समय बिना ब्रेक के नियमित घंटों पढ़ाई से बचें। यह सुझाव पंडरी जिला अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाश शुक्ला ने स्टूडेंट्स, उनके पैरेंट्स व टीचर्स को सुझाव देते हुए बताया।

सिटी लाइव

## आईआईटी मद्रास में रायपुर के विकास ने परचम लहराया




**रायपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी मद्रास में 2 से 6 जनवरी में आयोजित टेक्निकल फेस्ट शास्त्र 2026 के टेक इनोवेटिव फेयर (टीआईएफ) में छत्तीसगढ़ के श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांच के फाइनल ईयर के छात्र विकास सिंह ठाकुर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जिसमें दूसरे और तीसरे स्थान पर अन्य आईआईटी और एनआईटी के स्टूडेंट्स रहे।इस कंपटीशन में 2000 से ज्यादा टीमें रजिस्टर्ड रहीं जिसमें विकास का प्रोजेक्ट फाइनल 15 में सलेक्ट हुआ जिसे जज , इन्वेस्टर्स ने पहला विजेता घोषित किया। विकास ठाकुर के अनुसार उनके प्रोजेक्ट का नाम ऑटोमैटिक वीड रिमूवर है, खेतों में होने वाली खरपतवार और गैर जरूरी प्लांट्स को मशीन लर्निंग एल्गोरिथम से ट्रेंड वीडिंग रोबोट कम्प्यूटर विजन से पहचान कर रिमूव कर देता है।

### रोबोट को बनाने का विचार अपने अनुभव से आया

विकास ने बताया कि इस रोबोट को बनाने का विचार उन्हें अपने अनुभव से आया जो स्वयं किसान परिवार से हैं, फसल के बीच में खरपतवार को पहचानना, और लेबर से कटवाना दोनों काफी मुश्किल है, क्योंकि आज के समय में लेबर की उपलब्धता आसान नहीं है। पर इस रोबोट से खरपतवार की पहचान और रिमूवल दोनों ही काफी आसान है। इसके लिए आईआईटी मद्रास से 60000 रुपए का पहला इनाम के साथ इंटर्नशिप ऑफर की गई है। इस उपलब्धि पर श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट रायपुर के चेयरमैन (बीजी) निशांत त्रिपाठी ने बताया कि विकास अपने इनोवेटिव प्रोजेक्ट से पहले भी कई नामी तकनीकी संस्थाओं में विनर हो चुका है, संस्था इनोवेशन रिसर्च और स्टार्टअप पर स्टूडेंट्स की सहभागिता के लिए संकल्पित है, इसलिए भारत सरकार की आइडिया लैब के साथ मिलकर इनोवेशन पर काम कर रही है।

● मकर संक्रांति आज, बाजार में तिल, गुड़ और पतंगों की जमकर खरीदारी करते दिखे लोग

# बच्चों को पसंद कार्टून कैरेक्टर वाली रंगबिरंगी पतंगें, तिल लड्डू, गजक, पापड़ी की भारी मांग

मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर बाजार में रौनक रही। शहर के गोलबाजार में तिल से बनी मिठाइयों जैसे तिल के लड्डू, गजक और पापड़ी की विशेष मांग रही। मिठाई की दुकानों पर भी दिनभर चहल-पहल बनी रही और लोगों ने पारंपरिक मिठाइयां खरीदी। वहीं शहर के अलग-अलग इलाकों में पतंग, मांझा खरीदने दुकानों पर सुबह से ही लोगों की भीड़ रही है। मकर संक्रांति के आते ही बाजार पूरी तरह से गुलजार रहा। बच्चों से लेकर युवाओं तक, हर कोई अपनी पसंद की पतंग खरीदने में जुटा रहा।



### तिल की लड्डू की मिठास संग पतंगबाजी का आनंद

मकर संक्रांति पर तिल से बने लड्डू, पापड़ी और अन्य पारंपरिक व्यंजन का स्वाद लेने बच्चे-बड़े सभी उत्साहित हैं। वहीं घरों की छत और कॉलोनियों के मैदान से आसमान पर पतंगबाजी का भरपूर रोमांच उठाएंगे। इस तरह पतंग और मांझे की डोर आज बच्चे-बड़ों की हाथों में होगी।





**रायपुर।** बाजार के तिल-गुड़ और तिल पापड़ी के व्यापारी अनुराग सिन्हा ने बताया कि मकर संक्रांति पर तिल का महत्व होने के कारण तिल और उसके बने लड्डु, मिठाईयां, पापड़ी आदि की भारी डिमांड रहती है। इस बार भी सुबह से लोग तिल, गुड़ और परंपरागत सामग्री, पूजा सामग्री की खरीदी करने में जुटे हुए हैं। तिल की कीमत चिल्हर में 150 से 190 रुपए तक है। वहीं गुड़ 50 रुपए प्रति किलो है। इसके अलावा पूजा सामग्री की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ लगी रही। इस तरह मकर संक्रांति की विशेष महत्व के चलते लोगों पूरी तैयारियां कर ली हैं। आज लोग मकर संक्रांति पर्व उत्साह से मनाएंगे।



### पतंगों की डिजाइन कर रही आकर्षित

बाजार में इस समय एक से बढ़कर एक डिजाइन, रंग और साइज की पतंगें उपलब्ध हैं, जिससे त्योहार का उत्साह दोगुना हो गया है। पतंग कारोबारी अनुज गुप्ता ने बताया कि इस बार बच्चों को ध्यान में रखते हुए खासतौर पर कार्टून कैरेक्टर वाली पतंगें मंगाई गई हैं। स्पाइडरमैन, डोरेमोन, छोटा भीम जैसे कैरेक्टर वाली पतंगें बच्चों के बीच खासे आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं युवाओं और बड़े पतंगबाजों के लिए इस बार रॉकेट गुड्डी की जबरदस्त मांग देखने को मिल रही है। इन पतंगों की शुरुआती कीमत 25 से शुरू है, जो 500 रुपए तक है। वहीं रॉकेट गुड्डी का साइज इतना बड़ा है कि जब यह आसमान में उड़ती है तो दूर से ही राजा जैसी शान में नजर आती है। इस तरह से पतंगें बच्चों का आकर्षित कर रही हैं।



### अय्यप्पा मंदिर में विशेष पूजा

मकर संक्रांति पर शहर के मंदिरों जैसे महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ मंदिर और टाटीबंध का अय्यप्पा मंदिर में विशेष पूजा, स्नान, दीप प्रज्ज्वलन और दान का आयोजन होगा, जहां श्रद्धालु खारुन नदी में डुबकी लगाकर सूर्यदेव और शिवजी की पूजा करेंगे। इस दौरान तिल-गुड़ से बने व्यंजन खाते हैं और दक्षिण भारतीय समुदाय अय्यप्पा मंदिर में लक्षदीप महोत्सव मनाते हैं, जिसमें हजारों दीपक जलाए जाएंगे।



इवेंट लाइव

## सांस्कृतिक रंगों के साथ नन्हे बच्चों ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश




**रायपुर।** महात्मा गांधी नगर अमलीडीह स्थित एंजेल्स वैली इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से गणेश वंदना और सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। समारोह में नर्सरी से लेकर आठवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, मराठी, पंजाबी, राजस्थानी और कश्मीरी लोकनृत्यों की शानदार प्रस्तुति दी। इसके अलावा आकर्षक कठपुतली नृत्य और देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों और दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

### नन्हे बच्चों का विशेष संदेश

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों की प्रस्तुति रही। उन्होंने अपने अभिनय के माध्यम से समाज को 'जंक फूड से दूर रहने', 'जल संरक्षण' और 'ऑनलाइन भोजन की जगह घर का बना पौष्टिक आहार' अपनाने का सशक्त संदेश दिया, जिसकी सभी ने सराहना की। अंत में विद्यालय की प्राचार्या शास्मीना कुरैशी ने अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। राष्ट्रगान के साथ इस सुव्यवस्थित और उत्साहपूर्ण कार्यक्रम का समापन हुआ।

## कांच के गिलासों पर संतुलन और मटकी नृत्य, देवसर माता के मंगलपाठ में कलाकारों ने किया मंत्रमुग्ध





**रायपुर।** देवसर माता सेवा समिति के तत्वावधान में एसएन पैलेस में श्री देवसर वाली माता का चतुर्थ भव्य मंगलपाठ धूमधाम से संपन्न हुआ। कोलकाता के कारीगरों द्वारा फूलों से सजाए गए आकर्षक पंडाल में देवसर धाम के मुख्य पुजारी वेदप्रकाशजी ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माता को 51 मीटर लंबी चुनरी, 11 फीट लंबा गजरा और छप्पन भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जोधपुर (राजस्थान) के अंतर्राष्ट्रीय कलाकार रामू मारवाड़ी रहे। उन्होंने सिर पर 11 मटकियां रखकर संतुलन बनाया और कांच के गिलासों पर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा, मुंबई के रामअवतार अग्रवाल और कोलकाता के मधुसूदन शर्मा ने संगीतमय मंगलपाठ व नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। बिहार की गायिका अंकिता शर्मा, रायपुर के तरुण सोनी और नन्हे बांसुरी वादक कपीश अग्रवाल ने अपनी प्रस्तुतियों से भक्तिमय माहौल बना दिया।



### सार्थक नाम रखें, संस्कार दें

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने माता का आशीर्वाद लिया। अपने उद्बोधन में उन्होंने नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा, हम ही काली हैं, हम ही दुर्गा हैं और हम ही सृष्टि की रचयिता हैं। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों के नाम चिंटू-पिंटू न रखकर सार्थक रखें और उन्हें बोलकर सिखाने के बजाय खुद ही संस्कार दें। उन्होंने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग मुस्कुराते हैं, वहां हमेशा खुशहाली रहती है।

## मन शांत रखें 3 घंटे, अकेले ही देनी है जीवन की परीक्षा

**रायपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा, मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में कक्षा 8वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बच्चों को परीक्षा से न घबराकर उसका सामना करने की विस्तार से जानकारी दी। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक और नैतिक विकास के साथ-साथ उन्हें परीक्षा के तनाव से मुक्त कर जीवन में सफलता की दिशा देने के लिए आयोजित किया गया था।



### पहले जो पढ़े हुए है उसे स्मृति में लाए

केंद्र में आयोजित मन की शक्ति से विजय कार्यक्रम में भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर एक सब्जेक्ट का स्पेशलिस्ट टीचर होता है, वो कितना भी अच्छा पढ़ाएं, एक्जाम में आने वाला आई एम पी क्योशचन बताए, लेकिन आपको उसे पढ़ने के साथ 3 घंटे के एग्जाम में अकेले ही लिखना होगा। उस समय हमारा मन जो हम पढ़ें हुए है उसे स्मृति में लाए। ठीक इसी प्रकार जीवन में भी परिस्थितियों रूपी परीक्षाओं में भी मन का शांत और एकाग्र रहना आवश्यक है, जीवन रूपी परीक्षाओं को भी हमें अकेले देना होता है। इसलिए आप सभी अपनी श्रेष्ठ तकदीर की स्मृति द्वारा अपने समर्थ स्वरूप का अभ्यास करे। सीखो,पढ़ो, अप्लाई करो।


### जीवन में सदा संतुष्ट रहे

ब्रम्हकुमारी आशा बहन ने अपने संतुष्टता की शक्ति के बारे बताया कि जीवन में सदा संतुष्ट रहे, माता पिता से महंगे मोबाइल, लेपटॉप और कम्प्यूटर आदि की डिमांड न करे, सन्तुष्टता सदा सर्व प्राप्ति संपन्न है क्योंकि जहां सन्तुष्टता है वहां अप्राप्त कोई वस्तु नहीं। जहां सन्तुष्टता है वहां और विशेषतायें स्वतः ही आ जाती हैं। सन्तुष्टता की स्थिति परिस्थिति के ऊपर सदा विजयी है।बीके आशा बहन ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि हमारे मुख से बोल ऐसे निकले जैसे फूलों की वर्षा हो रही है। मीठे बोल, मुस्कराता चेहरा, मीठी वृत्ति, मीठी दृष्टि, मीठा सम्बन्ध-सम्पर्क यह भी लक्ष्य प्राप्ति सफलता का साधन है। स्वयं के खुद ही टीचर बनो, तो सभी कमजोरियां स्वतः समाप्त हो जायेंगी।

## गुजराती स्कूल की 51 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित



**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला की कक्षा 9वीं की पात्र 51 बालिकाओं को निशुल्क साइकिल का वितरण प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने किया। कक्षा 9वीं की लाभार्थी छात्राओं को प्रबंध समिति गुजराती शिक्षण संघ के उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल, सचिवद्वय दिनेश भाई पटेल, हेमंत भाई गोहिल, सहसचिव प्रवीण भाई पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता मावजी भाई पटेल, प्राचार्य अनीस मेमन ने लाभार्थी छात्राओं को चाबी प्रदान कर साइकिल वितरण किया। प्रबंध समिति की ओर से उपाध्यक्ष अशोक भाई पटेल ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों से आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में जुट जाने का आव्हान करते हुए संस्था एवं शाला परिवार की ओर से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्राचार्य अनीस मेमन के अलावा उप प्राचार्य वंदना संघवी, वरिष्ठ शिक्षक प्रवीण गनोदवाले, कमलेश रूपारेलिया, मंच संचालक नरेंद्र ताड़गे, योगिता टांक एवं सरस्वती साइकिल योजना प्रभारी शिक्षक शांति पटेल, ममता राठौड़ आदि उपस्थित थे।













## सिटी स्पोर्ट्स

### राज्यों को मिलेगा 10 लाख का सालाना अनुदान, विक्रम सिसोदिया ने उठाई वोटिंग अधिकार की मांग




**रायपुर।** गुजरात के अहमदाबाद में भारतीय ओलंपिक संघ की वार्षिक साधारण सभा संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में ओलंपिक खेलों के भविष्य और स्वरूप को लेकर कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया ने बैठक में शिरकत की और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष व दिग्गज एथलीट डॉ. पीटी उषा से मुलाकात की। उन्होंने डॉ. उषा को छत्तीसगढ़ में चल रही खेल गतिविधियों से अवगत कराया। श्री सिसोदिया ने जानकारी दी कि बैठक में खेल और खिलाड़ियों के व्यापक हित में फैसला लेते हुए राज्य ओलंपिक संघों को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए की अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया है। बैठक के दौरान एक और अहम मुद्दे पर चर्चा हुई। श्री सिसोदिया ने भारतीय ओलंपिक संघ में सभी राज्य ओलंपिक संघों के 'मतदान अधिकार' को पुनः प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर अन्य राज्यों के ओलंपिक संघ के प्रतिनिधियों ने भी अपनी सहमति जताई और इसका अनुमोदन किया। इस विषय पर जल्द ही आगे की विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रायपुर पुरुष टीम 12वीं बार चैंपियन, भावेश चुने गए 'बेस्ट लिफ्टर'



**रायपुर।** राजधानी के पचपेड़ी नाका में आयोजित तीन दिवसीय '23वीं सीनियर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय पुरुष/महिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप' का समापन रायपुर टीम की ऐतिहासिक जीत के साथ हुआ। रायपुर जिला की पुरुष टीम ने अपने वर्चस्व को कायम रखते हुए शानदार प्रदर्शन किया और लगातार 12वीं बार चैंपियनशिप का विजेता खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर के खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक जीते, जिसमें 6 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। टीम के स्टार खिलाड़ी भावेश सारंग को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरुष वर्ग में 'बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ 2025-26' के खिताब से नवाजा गया। पदक विजेताओं की सूची (पुरुष वर्ग) में 60 किग्रा वर्गः करण लहरे (स्वर्ण), चिरंजीव भारती (रजत), अंकित भारती (कांस्य)65 किग्रा वर्गः टोमन भारती (स्वर्ण)79 किग्रा वर्गः सुभाष लहरे (स्वर्ण), देवव्रत शर्मा (कांस्य) 88 किग्रा वर्गः भावेश सारंग (स्वर्ण)96 किग्रा वर्गः अतीश पाटिल (स्वर्ण)110 किग्रा वर्गः कोमेश डांडे (स्वर्ण), योगानंद खरे (रजत) महिला वर्ग में रायपुर की ओर से एकमात्र प्रतिभागी श्रेया साहू ने भी निराश नहीं किया। उन्होंने 86 किग्रा से अधिक वजन वर्ग में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।इस शानदार उपलब्धि पर टीम के कोच दीपक धीवर, लक्की मरकाम और मैनेजर महेश खेलवार सहित सभी विजेता खिलाड़ियों को रायपुर जिला भारोत्तोलन संघ के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### लक्ष्य सेन की विजयी शुरुआत, कई दिग्गज खिलाड़ी बाहर




**रायपुर।** इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में मंगलवार से शुरू हुए योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2026 के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और महिला डबल्स जोड़ी ट्रीसा जॉली व गायत्री गोपीचंद ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि टूर्नामेंट के पहले ही दिन कई वरीयता प्राप्त खिलाड़ी उलटफेर का शिकार होकर बाहर हो गए। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन ने अपने ही अकादमी साथी आयुष शेट्टी को सीधे गेमों में 21-12, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। लक्ष्य ने मात्र 36 मिनट में यह जीत दर्ज की। अगले दौर में उनका सामना जापान के केंटा निशिमोतो से होगा। महिला डबल्स में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने थाईलैंड की जोड़ी को 21-15, 21-11 से मात दी। वहीं, पुरुष डबल्स में हरिहरन अम्सकारुनन और एमआर अर्जुन ने मलेशियाई जोड़ी को हराकर सबको चौंका दिया। हालांकि, श्रुति मिश्रा और प्रिया कोनजेंगबाम को एक कड़े मुकाबले में हांगकांग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा। टूर्नामेंट के पहले दिन बीजिंग खिलाड़ियों के लिए दिन अच्छा नहीं रहा। चौथी वरीयता प्राप्त चाउ टिएन चेन (चीनी ताइपे) को कनाडा के ब्रायन यांग ने हराया। छठी वरीयता प्राप्त एलेक्स लानियर (फ्रांस) को ची यू जेन ने मात दी।

---

बच्चों के लिए सही और आरामदायक स्वेटर चुन सकते हैं

# बच्चों के लिए स्वेटर खरीदते समय रखें कुछ खास बातों का ध्यान, होगा फायदा

स्वेटर ठंड के मौसम में बच्चों के लिए एक जरूरी और आरामदायक परिधान होता है। सही स्वेटर चुनना थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जब बात छोटे बच्चों की हो। इस लेख में हम आपको कुछ अहम सुझाव देंगे, जिनसे आप अपने बच्चों के लिए सही और आरामदायक स्वेटर चुन सकते हैं। सही आकार, कपड़े का चुनाव, डिज़ाइन और देखभाल जैसे पहलुओं पर ध्यान देकर आप अपने बच्चे को ठंड से सुरक्षित रख सकते हैं।



### सही आकार चुनें

बच्चों के लिए सही आकार का स्वेटर चुनना बहुत जरूरी है। अगर स्वेटर बहुत ढीला या तंग होगा तो वह आरामदायक नहीं लगेगा और बच्चे को परेशानी हो सकती है। इसलिए हमेशा बच्चे की उम्र और आकार के अनुसार ही स्वेटर खरीदें। ध्यान रखें कि बच्चों का शरीर तेजी से बढ़ता है, इसलिए थोड़ा बड़ा साइज लेना बेहतर हो सकता है ताकि वह लंबे समय तक पहना जा सके।

### कपड़े का चयन करें

स्वेटर के लिए कपड़े का चयन करते समय उसके गर्माहट और आराम पर ध्यान दें। ऊनी कपड़े ठंड से बचाने में मदद करते हैं, लेकिन कुछ बच्चों को ऊनी कपड़े से परेशानी हो सकती है। ऐसे में सूती या अन्य हल्के कपड़े का चयन करना बेहतर हो सकता है, जो हल्का और आरामदायक हो। इसके अलावा कपड़े की गुणवत्ता भी देखनी चाहिए ताकि वह लंबे समय तक टिक सके और बार-बार धोने पर भी अपना आकार न खोएं।

### रंग और पैटर्न पर ध्यान दें

बच्चों के स्वेटर के रंग और पैटर्न भी अहम होते हैं। छोटे बच्चों के लिए हल्के रंग जैसे नीला, गुलाबी या पीला अच्छे रहते हैं क्योंकि ये आसानी से मिल जाते हैं। बड़े बच्चों के लिए गहरे रंग जैसे लाल, हरा या काला चुन सकते हैं, जो स्टाइलिश दिखते हैं और गंदगी भी कम दिखाते हैं। इसके अलावा अगर आपके बच्चे को पसंदीदा कार्टून या पैटर्न हो तो उसे भी ध्यान में रखें ताकि वह खुश रहे।

### धोने और देखभाल करने का तरीका जानें

स्वेटर को धोने और देखभाल करने का तरीका भी अहम है। कुछ स्वेटर मशीन में धोए जाने योग्य होते हैं, जबकि कुछ हाथ से धोने की जरूरत होती है। इसलिए खरीदारी करते समय लेबल जरूर पढ़ें ताकि बाद में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा स्वेटर को सुखाने और स्टोर करने का तरीका भी जानना जरूरी है ताकि वह अपने आकार और गुणवत्ता को बरकरार रख सके।

### स्टाइलिश दिखना भी जरूरी है

स्वेटर सिर्फ आरामदायक ही नहीं, बल्कि स्टाइलिश भी होना चाहिए ताकि आपका बच्चा उसमें अच्छा लगे और आत्मविश्वास महसूस करे। आजकल बाजार में कई प्रकार के डिजाइन उपलब्ध हैं, जो बच्चों को पसंद आते हैं जैसे फुल-स्लीव, हाफ-स्लीव या जैकेट स्टाइल स्वेटर। इन सभी बातों का ध्यान रखते हुए आप अपने बच्चे के लिए एक बेहतरीन स्वेटर चुन सकते हैं जो उसे ठंड से सुरक्षित रखेगा और आरामदायक महसूस करवाएगा।

## सूजी से सिर्फ हलुआ ही नहीं बनता, बनाए जा सकते हैं और भी स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन

सूजी एक ऐसी सामग्री है, जिसका उपयोग कई स्वादिष्ट व्यंजनों को बनाने के लिए किया जा सकता है। यह हल्का और पौष्टिक होता है, जिससे इसे नाश्ते में शामिल करना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आइए आज हम आपको सूजी से बनाए जाने वाले कुछ ऐसे व्यंजनों की रेसिपी बताते हैं, जो न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि जल्दी भी बन जाते हैं और इन्हें बनाना आसान है।



**सूजी का उपमा :** सूजी का उपमा एक लोकप्रिय दक्षिण भारतीय नाश्ता है। इसे बनाने के लिए सूजी को हल्का-सा भूनकर उसमें तेल में राई, उड़द दाल, चना दाल, हरी मिर्च, अदरक और हरी सब्जियां मिलाई जाती हैं। इसके बाद इसमें भुनी हुई सूजी मिलाई जाती है और पानी डालकर पकाया जाता है। यह नाश्ता पौष्टिक और स्वादिष्ट है, जिससे यह आपके सुबह के खाने को खास बना सकता है। इसे नारियल की चटनी के साथ परोसें।

**सूजी का ढोकला :** ढोकला गुजरात का एक प्रसिद्ध व्यंजन है, जिसे आमतौर पर बेसन से बनाया जाता है, लेकिन सूजी से भी इसे बनाया जा सकता है। इसके लिए सूजी को दही और मसालों के साथ मिलाकर खमीर आने तक रखा जाता है, फिर इसे भाप में पकाया जाता है। ऊपर से तड़का लगाने के बाद इसे कटे हुए हरे धनिये और हरी मिर्च के साथ परोसा जाता है। यह नाश्ता हल्का और पौष्टिक है।

**रवा इडली :** इडली दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध व्यंजन है, जिसे आमतौर पर चावल और उड़द दाल से बनाया जाता है, लेकिन सूजी से भी इसे बनाया जा सकता है। इसके लिए सूजी को दही और मसालों के साथ मिलाकर खमीर आने तक रखा जाता है, फिर इसे भाप में पकाया जाता है। ऊपर से तड़का लगाने के बाद इसे कटे हुए हरे धनिये और नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है। यह नाश्ता पौष्टिक और स्वादिष्ट है।

**सूजी के पकोड़े :** सूजी के पकोड़े एक बेहतरीन स्नैक विकल्प हो सकते हैं, जिसे आप शाम की चाय के साथ खा सकते हैं। इसके लिए सूजी को बेसन, प्याज, हरी मिर्च, अदरक और मसालों के साथ मिलाकर घोल तैयार किया जाता है, फिर छोटे-छोटे गोले बनाकर गर्म तेल में तले जाते हैं। ये पकोड़े कुरकुरे और स्वादिष्ट होते हैं, जिन्हें आप हरी चटनी या टमाटर की चटनी के साथ परोस सकते हैं।

## इस तरीके से धोएं अपनी पफर जैकेट सिकुड़े बिना बनी रहेगी गर्माहट

पफर जैकेट सर्दियों का खास परिधान है, जो ज्यादातर लोगों की पहली पसंद रहता है। यह जैकेट शरीर को गर्माहट तो देती ही है, साथ ही इसे पहनकर बेहद ट्रेंडी लुक भी मिलता है। ज्यादा पहनने से इस पर धूल जम जाती है और रंग फीका पड़ने लगता है। ऐसे में लोग इसे वाशिंग मशीन में धोने की गलती कर बैठते हैं, जिससे यह खराब हो सकती है। आज हम आपको पफर जैकेट साफ करने के सरल फैशन टिप्स बताएंगे।

**लेबल पर लिखे निर्देश पढ़ें :** सर्दियों के सभी कपड़ों की तरह पफर जैकेट पर भी एक लेबल लगा होता है। इस पर उसे साफ करने और उसका ध्यान रखने के निर्देश लिखे होते हैं। आपको इसे ध्यान से पढ़ना चाहिए, ताकि पता चल सके कि इसे मशीन में धोना सही है या नहीं। लेबल पर ये भी लिखा होगा कि धोते समय पानी का तापमान कितना होना चाहिए और कैसे डिटर्जेंट का इस्तेमाल करना चाहिए। इस पर आपको जैकेट सुखाने के निर्देश भी मिल जाएंगे।

**धोने से पहले ये काम करें :** पफर जैकेट के अंदर पंख या रुई भरी जाती है, जिसकी वजह से वह गर्म रहती है। साथ ही उसमें टोपी और मफलर जैसे अटैचमेंट भी लगे होते हैं। ऐसे में जैकेट धोने से पहले इन अटैचमेंट को जरूर



निकाल दें। जैकेट की चेन और बटन बंद कर लें और उसे उल्टा करके साफ करें। इससे जैकेट का बाहरी हिस्सा खराब नहीं होगा और उसके अंदर भरा फाइबर भी ठीक रहेगा।

**केवल दागों को साफ करें :** अगर आपकी पफर जैकेट पर छोटे-मोटे दाग लग गए हैं तो उसे पूरा न धाएं। आपको जितना हो सके उसे धोने से बचना ही चाहिए। ये दाग जैकेट की ऊपरी सतह पर ही लगते हैं और अंदर तक प्रवेश नहीं कर पाते हैं। ऐसे में आप उन्हें लिक्विड डिटर्जेंट की मदद से साफ कर सकते हैं। ब्रश पर डिटर्जेंट लगाएं और उसे दाग पर हल्के हाथों से घिसें। अब थोड़ा पानी लगाकर दाग को साफ करें और सुखा लें।

**मशीन के बजाय हाथ से धोएं :** अगर आपकी पफर जैकेट ज्यादा गंदी है तो उसे मशीन में धोने के बजाय हाथ से साफ करें। यह सही तरीका है, जो जैकेट की गर्माहट को बनाए रखेगा और उसका आकार भी खराब नहीं करेगा।



## सर्दियों में हीटर चलाए बिना कमरा गर्म रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

इन दिनों हाड़ कंपाने वाली सर्दी हो रही है और घर से बाहर जाना तक मुश्किल लग रहा है। ऐसे में मजबूरन हीटर चलाना पड़ता है, जो कमरे को गर्म रखता है। हालांकि, ज्यादा देर तक हीटर चलाने से कमरे में ऑक्सीजन कम होता है और बिजली का बिल भी ज्यादा आता है। इससे हृदय रोग, घुटन और बेहोशी का खतरा भी रहता है। आप बिना हीटर चलाए भी इन तरीकों से अपना कमरा गर्म रख सकते हैं।

### खिड़की-दरवाजे बंद रखें

सर्दियों में ठंडी हवा चलती है, जो कमरे में प्रवेश करके उसे ठंडा कर देती है। ऐसे में अगर आप घर के खिड़की और दरवाजे बंद रखेंगे तो थोड़ी राहत मिल जाएगी। ऐसा करने से हवा अंदर नहीं आएगी और कमरे के अंदर की गर्मी बनी रहेगी। खिड़की-दरवाजों के साथ उन छोटे-छोटे कोनों और दरारों को भी भरें, जिनसे हवा आने की संभावना हो। दरवाजों के निचले हिस्से पर मैट लगा दें या उन्हें किसी कपड़े से बंद कर दें।



### मोटे पर्दे लगाएं और कालीन बिछाएं

कमरे को गर्म बनाए रखने में पर्दे और कालीन जैसे सजावटी सामान भी काम आ सकते हैं। ठंडी हवा को नीचे से ऊपर आने से रोकने के लिए फर्श पर मोटी कालीन बिछाएं। इससे आपको ठंडी फर्श पर चलने में भी मुश्किल नहीं होगी। अपने पतले पर्दों को वेलवेट या ऊनी पर्दों से बदलें। ये गर्मी बनाए रखते हैं और आरामदायक माहौल भी बना देते हैं। ज्यादा गर्मी के लिए आप दीवारों पर टेपेस्ट्री भी टांग सकते हैं।

### गर्म चादर का उपयोग करें

सर्दियों में लोग बिस्तर पर बैठना ही ज्यादा पसंद करते हैं। हालांकि, गर्म महसूस करने के लिए केवल कंबल ही काफी नहीं होते। आपको अपने बिस्तर और सोफे पर ऊनी चादरें बिछानी चाहिए। ये आम चादरों से मोटी होती हैं और गर्मी को रोककर रखने में सक्षम होती हैं। इन पर लेटकर आपको सर्दी नहीं लगेगी और ऊपर से कंबल ओढ़ने पर अतिरिक्त गर्माहट भी मिलती रहेगी। ये तरीके कमरा गर्म रखने के लिए बढ़िया रहेंगे।

### अलाव जलाएं

हीटर से बिजली खर्च होती है, जिसका एक शानदार विकल्प अलाव हो सकता है। आप तसले में सूखी लकड़ी और कोयला जलाकर आग ताप सकते हैं। हालांकि, इस दौरान कमरे को बंद रखने की गलती बिलकुल न करें, क्योंकि यह खतरनाक होता है। खिड़कियां खोलकर ही अलाव जलाएं और कमरा गर्म होने के बाद उसे बुझाकर बाहर रख दें। अब खिड़कियां बंद कर दें, ताकि कमरे की गर्माहट बनी रहे।

---

कार्नर न्यूज

कार्ब्स का बढ़िया स्त्रोत है और पेट भी भर देती है

# ब्रेड से सैंडविच के अलावा और भी लजीज व्यंजन बनाकर खाएं और खिलाएं, पाएं वाह-वाही

ज्यादातर लोग सुबह के नाश्ते में ब्रेड खाना पसंद करते हैं। यह कार्ब्स का बढ़िया स्त्रोत है और पेट भी भर देती है। आम तौर पर लोग या तो ब्रेड में मक्खन लगा कर खा लेते हैं या फिर उसका सैंडविच बना लेते हैं। हालांकि, इस खाद्य पदार्थ से सैंडविच के अलावा भी कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। आज के लेख में हम आपको ब्रेड की कुछ लजीज पकवानों की रेसिपी बताने वाले हैं।



### ब्रेड पोहा

ब्रेड पोहा बेहतरीन नाश्ता है, जो बच्चों को खास तौर से पसंद आता है। इसके लिए पैन में तेल गर्म करके उसमें राई, करी पत्ते और मिर्च भूनें। अब इसमें बारीक कटे प्याज, गाजर, शिमला मिर्च और बींस को अच्छी तरह भून लें। इसके बाद इसमें हल्दी और टमाटर डालकर पकने दें। ब्रेड को छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें डालें। इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाएं। प्लेट में निकालकर इस पर नींबू का रस और धनिया छिड़कें।

### ब्रेड पिज्जा

पिज्जा खाने का मन करे तो झटपट ब्रेड पिज्जा बनाकर खा लें। इसके लिए पिज्जा बेस की जगह पर ब्रेड का इस्तेमाल किया जाएगा। ब्रेड के ऊपर मक्खन, पिज्जा-पास्ता सॉस, मेयोनीज और चीज स्प्रेड लगाएं। इसके बाद इसपर टमाटर, मशरूम, कॉर्न, पनीर, प्याज, शिमला मिर्च और ब्रोकली आदि रखें। ऊपर से मोजेरेला चीज डालें और सीजनिंग भी छिड़क दें।

### ब्रेड लजानिया

ब्रेड लजानिया बनाने के लिए क्रीम, मक्खन, मैदा, चीज और सीजनिंग मिलाकर सफेद सॉस तैयार करें। इसके बाद शिमला मिर्च, गाजर, कॉर्न, प्याज, मशरूम, मिर्च और पसंद की सब्जियों को काटकर भून लें। इसमें मसाले और पिज्जा-पास्ता सॉस शामिल करें। एक बेकिंग डिश में ब्रेड की परत बिछाएं और ऊपर से दोनों सॉस और चीज भी डालें। एक-एक करके परत बनाते जाएं और लजानिया को बेक कर लें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और ओरिगैनो जैसी सीजनिंग डालकर खाएं।



### ब्रेड पकौड़ा

ब्रेड से बनने वाले पकौड़े चाय के साथ बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इसके लिए उबले आलू में मसाले मिलाकर एक जायकेदार फिलिंग तैयार करें। इसके बाद एक कटोरे में नमक, बेसन, पानी और मसाले मिलाकर घोल तैयार करें। 2 ब्रेड के बीच में फिलिंग भरें और उसे बेसन वाले घोल में डुबोएं। अब कढ़ाई में तेल गर्म करके पकौड़ों को तल लें। इन्हें हरी चटनी और सॉस के साथ परोसें।

### ब्रेड ढोकला

ब्रेड ढोकला तैयार करने के लिए पहले ब्रेड के किनारे वाले भूरे हिस्से को काट लें। एक कटोरे में दही, ताजा कटा हरा धनिया, हरी मिर्च, नमक और काली मिर्च का पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को ब्रेड पर फैलाएं और ऊपर से दूसरी ब्रेड रख दें। तवे पर तेल गर्म करें और उसमें राई, हल्दी और करी पत्तों को भूनें। अब इस तड़के पर ब्रेड वाले ढोकले रखें और उन्हें दोनों तरफ से सेंकने के बाद चटनी के साथ खाएं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड


## पैरामाउंट स्काईडांस घोषित करेगा अपने डायरेक्टर्स, डिस्कवरी पर ठोका मुकदमा



पैरामाउंट स्काईडांस और वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के बीच का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। अब पैरामाउंट स्काईडांस ने इस डील के बीच अपने निर्देशकों की सूची जारी करने की बात कही है। पैरामाउंट स्काईडांस ने वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के जबरन टेकओवर के प्रयास में एक और कदम आगे बढ़ाया है। पैरामाउंट स्काईडांस की ओर से कहा गया कि वह हॉलीवुड स्टूडियो की अगली शेयर होल्डर्स की बैठक से पहले अपने डायरेक्टर्स की लिस्ट घोषित करेगा। यही नहीं पैरामाउंट ने डेलावेयर चांसरी कोर्ट में एक मुकदमा भी दायर किया है, जिसमें वार्नर ब्रदर्स को शेयर होल्डर्स के सामने यह खुलासा करने के लिए बाध्य करने की मांग की गई है कि वह अपने प्रस्ताव और नेटफ्लिक्स के प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव का मूल्यांकन कैसे करता है। वार्नर ब्रदर्स, पैरामाउंट और नेटफ्लिक्स के बीच बोली द्वंद में फंसी हुई है। वार्नर के नेतृत्व ने स्काईडांस के स्वामित्व वाली पैरामाउंट के प्रस्तावों को बार-बार ठुकरा दिया है। साथ ही शेयर होल्डर्स से अपील की है कि वे अपने स्ट्रीमिंग और स्टूडियो कारोबार को नेटफ्लिक्स को 72 अरब अमेरिकी डॉलर में बेचने का समर्थन करें। इस बीच, पैरामाउंट ने पूरी कंपनी के लिए अपने 77.9 अरब अमेरिकी डॉलर के प्रस्ताव को आकर्षक बनाने के प्रयास किए हैं। पिछले हफ्ते वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी ने कहा कि उसके बोर्ड ने यह निर्धारित किया है कि पैरामाउंट का प्रस्ताव कंपनी या उसके शेयर होल्डर्स के हित में नहीं है। उसने एक बार फिर शेयर होल्डर्स को नेटफ्लिक्स सौदे का समर्थन करने की सिफारिश की।

### टॉलीवुड


## टॉक्सिक कंट्रोवर्सी के बीच बीट्रिज टॉफेनबैक सोशल मीडिया से हुईं गायब



टॉक्सिक फिल्म का जब से टीजर रिलीज हुआ है, यह एक कंट्रोवर्सी का शिकार हो गई। इस कंट्रोवर्सी में में ब्राजीलियन एक्ट्रेस और मॉडल बीट्रिज टॉफेनबैक का नाम भी जुड़ा है। फिल्म के टीजर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एक्ट्रेस अब सोशल मीडिया पर नजर नहीं आ रही हैं। कुछ दिन पहले साउथ एक्टर यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर रिलीज हुआ। इस टीजर ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया, जिसके बाद विवाद भी खड़ा हो गया। इस टीजर में एक एक्ट्रेस बीट्रिज टॉफेनबैक नजर आईं। 'टॉक्सिक' कंट्रोवर्सी को बढ़ते देख यह एक्ट्रेस सोशल मीडिया से ही गायब हो चुकी हैं। जानिए, इस एक्ट्रेस का फिल्म 'टॉक्सिक' कंट्रोवर्सी से क्या लेना-देना? फिल्म टॉक्सिक को लेकर कंट्रोवर्सी काफी बढ़ चुकी है। हाल ही में इस फिल्म को लेकर कर्नाटक राज्य महिला आयोग के शिकायत पहुंची है। साथ ही सेंसर बोर्ड में 'टॉक्सिक' के टीजर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए भी शिकायत दर्ज कराई गई है। इन बातों के बीच ही ब्राजीलियन एक्ट्रेस और मॉडल बीट्रिज टॉफेनबैक ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट डिलीट कर दिया है। साउथ एक्टर यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' का टीजर 8 जनवरी को रिलीज हुआथ था। टीजर की शुरुआत में एक इंटीमेट सीन था, इसमें ही बीट्रिज टॉफेनबैक नजर आईं। इसके बाद टीजर में बहुत वायलेंस भी दिखा। इस सीन के कारण ही बीट्रिज टॉफेनबैक सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। बताते चलें कि इस फिल्म की निर्देशक भी एक महिला हैं, उनका नाम गीतू मोहनदास हैं। गीतू ने ही बताया था कि फिल्म की टीजर में दिखी लड़की बीट्रिज टॉफेनबैक हैं।

### भोजपुरी

## संभावना ने पवन सिंह के गाने पर किया हाई वोल्टेज डांस



संभावना सेठ ने पवन सिंह के गाने 'राजा जी के दिलवा' पर गजब का डांस किया है और उनके फैंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं। संभावना 45 साल की हैं लेकिन उनके डांस को देखकर लग नहीं रहा कि वो इतनी यंग नहीं हैं। उनकी तुलना तो कुछ लोगों ने मलाइका अरोड़ा से कर दी। संभावना सेठ एक फेमस डांसर, एक्ट्रेस और इन्फ्लुएंसर हैं। जब कोई और व्लॉग नहीं बना रहा था, तब संभावना के पति अविनाश द्विवेदी ने उन्हें यूट्यूब पर आने में मदद की। उनकी लोकप्रियता लाखों में पहुंच गई और फैंस को संभावना सेठ का एक नया रूप देखने को मिला, जिसे वे पसंद करने लगे। कुछ दिनों से संभावना सेठ मजेदार गानों पर गजब के डांस करके रील्स बना रही हैं और उनके वीडियोज खूब वायरल भी हो रहे हैं। हाल ही में उन्होंने पवन सिंह के गाने 'राजा जी के दिलवा' पर रील बनाई और जोरदार डांस किया। 14 सेकेंड के डांस वीडियो ने हर किसी का दिल जीत लिया। संभावना के लटके-झटके देखकर हर किसी ने खुलकर तारीफ की। संभावना का डांस इतना कातिलाना था कि फैंस उस पर कमेंट करने से खुद को नहीं रोक पाए। कुछ ने कहा कि इस उम्र में भी संभावना कैसे मटक रही हैं। एक ने लिखा- 45 साल की हैं, कौन कहेगा ये। एक फैन बोला- संभावना जी, रियल क्वीन हैं। डांस करते ही सबकी सिट्टी पिट्टी गुम हो जाएगी। एक फैन ने कहा- आप तो मलाइका अरोड़ा को भी फेल कर रही हैं। संभावना और अविनाश सबसे फेमस कपल्स में से एक रहे हैं। हालांकि, 2024 में संभावना को अपने जीवन का सबसे बड़ा झटका लगा जब उनका गर्भपात हो गया। एक्ट्रेस प्रेग्नेंट होने की कोशिश लगातार कर रही थीं, लेकिन कई बार आईवीएफ कराने के बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिली। आखिरकार जब उन्हें गर्भधारण का सुख मिला, तब उनका गर्भपात हो गया।

### लाइफ स्टाइल

## श्वेता का रेड ड्रेस लुक बना फैशन टॉक



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी का रेड मिडी ड्रेस लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। मिनिमल मेकअप, सॉफ्ट कर्ल्स और एलिगेंट स्टाइल के साथ उनका यह फैशन अवतार महिलाओं के लिए परफेक्ट इंस्पिरेशन है। ड्रेस का फिट एंड फ्लेयर सिलुएट उनकी बॉडी स्ट्रक्चर को कॉम्प्लीमेंट करता है, वहीं लेयर्ड फ्रिल्स इसे एक फेमिनिन और ग्रेसफुल टच देते हैं। यह मिडी ड्रेस डे इवेंट्स से लेकर कॉकटेल पार्टी तक के लिए एक बेहतरीन ऑप्शन मानी जा सकती है।

## सर्दियों के लिए आदर्श हैं बैलून स्लीव ब्लाउज मिलेगी गर्माहट, स्टाइलिश भी दिखेंगी

सर्दियों में महिलाएं अक्सर ऐसे कपड़े चुनती हैं, जो उन्हें गर्माहट के साथ-साथ स्टाइलिश लुक भी दें। बैलून स्लीव ब्लाउज इस मौसम के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आरामदायक होता है, बल्कि इसे अलग-अलग प्रकार की शैलियों में पहना जा सकता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे बैलून स्लीव ब्लाउज की शैलियों के बारे में बताते हैं, जो सर्दियों में आपको स्टाइलिश दिखाएंगे और ठंड से बचाएंगे।

**सफेद बैलून स्लीव ब्लाउज :** सफेद बैलून स्लीव ब्लाउज एक पारंपरिक विकल्प है, जो हर रंग की सलवार या स्कर्ट के साथ अच्छा लगता है। यह न केवल आपको एक साफ-सुथरा लुक देता है, बल्कि इसे आप किसी भी अवसर पर पहन सकती हैं। सफेद रंग की वजह से यह आपको ताजगी भरा एहसास भी दिलाता है। इसे आप सर्दियों में जींस या लहंगा के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।



**प्रिंटेड बैलून स्लीव ब्लाउज :** अगर आप कुछ नया आजमाना चाहती हैं तो प्रिंटेड बैलून स्लीव ब्लाउज एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इनमें फूलों या ज्योमेट्रिक डिजाइन होते हैं, जो आपको एक अलग ही अंदाज देते हैं। ये ब्लाउज न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि इन्हें आप रोजमर्रा के उपयोग में भी ला सकती हैं। प्रिंटेड बैलून स्लीव ब्लाउज को आप जींस या स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

### लेस वाले बैलून स्लीव ब्लाउज

लेस वाले बैलून स्लीव ब्लाउज एक सुंदर विकल्प हो सकता है, जिसे आप खास मौकों पर पहन सकती हैं जैसे कि शादी या पार्टी आदि। इनमें लेस की कारीगरी होती है, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है। इसे आप लहंगा या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। लेस वाले बैलून स्लीव ब्लाउज न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि इन्हें पहनकर आप खास महसूस भी करेंगी।

### डेनिम बैलून स्लीव ब्लाउज

डेनिम बैलून स्लीव ब्लाउज रोजमर्रा के लुक पसंद करने वालों के लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसे आप जींस या स्कर्ट दोनों के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। डेनिम बैलून स्लीव ब्लाउज आरामदायक होते हैं और इन्हें रोजमर्रा के उपयोग में भी लाया जा सकता है। इन सभी विकल्पों से आप सर्दियों में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं और ठंड से सुरक्षित रह सकती हैं।

## लोहड़ी पर नई दुल्हन पहनें ऐसे पारंपरिक कपड़े, निखर जाएगा लुक

फैशन





लोहड़ी पंजाबियों का एक प्रमुख त्योहार है। इस मौके पर नई दुल्हन को अपने पहले लोहड़ी के अवसर पर पारंपरिक कपड़े पहनने चाहिए। पारंपरिक कपड़े न केवल आपको खास महसूस कराएंगे, बल्कि आपके लुक को भी निखारेंगे। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे परिधान और गहनों के बारे में बताएंगे, जो आपकी पहली लोहड़ी को और भी खास बना देंगे। सही परिधान चुनने से आपका लुक निखर जाएगा और आप इस त्योहार का पूरा आनंद ले सकेंगी।

**बनारसी साड़ी का चुनाव करें :** बनारसी साड़ी हमेशा से ही शादी-ब्याह और त्योहारों का अहम हिस्सा रही हैं। इसकी जरी की कारीगरी और चमकदार रंग इसे बेहद आकर्षक बनाते हैं। अपनी पहली लोहड़ी पर एक सुंदर बनारसी साड़ी चुनें, जो आपके व्यक्तित्व को और भी निखारेगी। लाल, गुलाबी या फिर हरे रंग की बनारसी साड़ी इस अवसर पर बहुत अच्छी लगेंगी। इसके साथ हल्के गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके।

**लहंगा चोली भी है बेहतरीन विकल्प :** अगर आप साड़ी नहीं पहनना चाहतीं तो लहंगा चोली भी एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह न केवल आपको स्टाइलिश लुक देगा बल्कि आरामदायक भी रहेगा। चमकीले रंगों जैसे पीला, नारंगी या फिर नीला आपके लुक को खास बनाएंगे। लहंगे पर हल्की कढ़ाई या जरी की कारीगरी हो तो यह और भी सुंदर लगेगा। इसके साथ हल्के गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप इस त्योहार का पूरा आनंद ले सकें।

**पटियाला सूट से मिलेगा शाही अंदाज :** पटियाला सूट पंजाबी संस्कृति का अहम हिस्सा है और यह भी आपकी पहली लोहड़ी के लिए बहुत अच्छा विकल्प हो सकता है।

इस सूट में कुर्ता, सलवार और दुपट्टा शामिल होता है, जो आपको एक शाही अंदाज देगा। चमकीले रंगों जैसे गुलाबी, हरे या नीले का चुनाव करें ताकि आपका लुक और भी खास लगे। इसके साथ हल्के गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप इस त्योहार का पूरा आनंद ले सकें।

**कुर्ती-पलाजो सेट रहेगा चलन में :** आजकल कुर्ती-पलाजो सेट बहुत चलन में हैं और यह आपकी पहली लोहड़ी के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है। इसमें कुर्ती के साथ पलाजो पैंट्स होती हैं, जो आपको आरामदायक महसूस कराएंगी। हल्के रंगों जैसे सफेद या क्रीम पर कढ़ाई वाली कुर्ती चुनें, जो आपको एक नाजुक लुक देगी। इसके साथ हल्के गहनों का मेल करें ताकि आपका लुक पूरा हो सके और आप इस त्योहार का पूरा आनंद ले सकें।

## प्लाजो के साथ क्विल्टेड जैकेट को इस तरह से करें स्टाइल, लुक लगेगा खास

क्विल्टेड जैकेट्स ठंड से बचाती हैं और स्टाइलिश भी दिखती हैं। अगर आप सोच रही हैं कि प्लाजो के साथ क्विल्टेड जैकेट को कैसे पहना जाए तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। सही तरीके से इन्हें पहनने पर आप न केवल आरामदायक महसूस करेंगी, बल्कि आपका लुक भी खास लगेगा। आइए कुछ ऐसे फैशन टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप प्लाजो के साथ क्विल्टेड जैकेट में स्टाइलिश दिख सकती हैं।

**रंगों का मेल :** क्विल्टेड जैकेट चुनते समय उसके रंग पर ध्यान दें। अगर आपकी प्लाजो हल्के रंग की है तो आप उसके साथ विपरीत या गहरे रंग की क्विल्टेड जैकेट चुन सकती हैं। इससे आपका लुक और भी खास लगेगा। उदाहरण के लिए सफेद प्लाजो के साथ नीली या काली क्विल्टेड जैकेट अच्छी लगेगी। वहीं काले रंग की प्लाजो के साथ ग्रे या बेज रंग की क्विल्टेड जैकेट पहनी जा सकती है।



### कपड़े का चयन करें

क्विल्टेड जैकेट के लिए सही कपड़े का चयन करना बहुत जरूरी है। ऊनी या सूती कपड़े की क्विल्टेड जैकेट सर्दियों में गर्माहट देती हैं, जबकि हल्के कपड़े की जैकेट गर्मियों में आरामदायक होती है। इसके अलावा कपड़े की मोटाई और डिजाइन पर भी ध्यान दें ताकि यह आपके प्लाजो के साथ अच्छे से मेल खाए और आपको आरामदायक महसूस हो। सही कपड़ा चुनने से आपका लुक न केवल स्टाइलिश लगेगा, बल्कि आप पूरे दिन आरामदायक भी महसूस करेंगी।

**फिटिंग का ध्यान रखें :** आपकी क्विल्टेड जैकेट की फिटिंग बहुत अहम होती है। अगर आपकी जैकेट ढीली होगी तो वह प्लाजो के साथ अच्छी नहीं लगेगी, वहीं अगर बहुत टाइट होगी तो आप असुविधाजनक महसूस करेंगी। इसलिए हमेशा ऐसी फिटिंग वाली जैकेट चुनें जो आपके शरीर पर अच्छे से बैठे और आरामदायक हो।

## शादी या अन्य समारोह में पहन सकती हैं ब्लेजर, बेहतरीन लुक के साथ दिखें खास

शादी या अन्य समारोह में महिलाओं की पोशाकों का चयन करना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है। खासकर जब बात ब्लेजर की हो।

ब्लेजर न केवल आपके लुक को स्टाइलिश बनाता है बल्कि आरामदायक भी होता है। आइए आज हम आपको पांच ऐसे ब्लेजर स्टाइल्स के बारे में बताते हैं, जो शादी या अन्य समारोह में पहनने के लिए बेहतरीन हैं और आपको खास महसूस कराएंगे।

**सेक्विन बेल्जर :** सेक्विन ब्लेजर हमेशा से ही फैशन में रहे हैं। ये न केवल आपको आकर्षक दिखाते हैं, बल्कि रात की रोशनी में भी आपका लुक खास बनाते हैं। आप इसे किसी साधारण टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक



बहुत बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे लुक को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा और आपको सबसे अलग दिखाएगा।

**वेलवेट ब्लेजर :** वेलवेट ब्लेजर सर्दियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसकी नरम बनावट और गहरे रंग इसे खास अवसरों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। आप इसे किसी भारी कढ़ाई वाले लहंगे या साड़ी के साथ पहन सकती हैं। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे और आप आरामदायक महसूस करें। वेलवेट ब्लेजर न केवल आपको गर्म रखता है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाता है, जिससे आपका पूरा पहनावा खास बनता है।

**फ्लोरल प्रिंट ब्लेजर :** फ्लोरल प्रिंट ब्लेजर गर्मियों के लिए एकदम सही हैं। ये न केवल ताजगी देते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बनाते हैं। इन्हें किसी साधारण कुर्ता या टॉप के साथ पहना जा सकता है। इसके साथ ही हल्की एक्सेसरीज पहनें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आप स्टाइलिश दिखें। इस तरह का ब्लेजर आपके पूरे पहनावे को एक नई पहचान देता है और आपको सबसे अलग दिखाता है।

**कार्नर न्यूज**

**गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है**

## महिलाओं के लिए गहनों को स्टाइल करने के आसान तरीके, दिखेंगी एकदम अलग

गहने महिलाओं के लुक को और भी खास बना सकते हैं। सही तरीके से गहनों को पहनना एक कला है, जो आपके पूरे लुक को निखार सकता है। चाहे आप रोजमर्रा के कामों में हों या किसी खास मौके पर, गहनों का सही चयन और उपयोग आपको आत्मविश्वास और आकर्षण दोनों दे सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी सुझाव देंगे, जिससे आप अपने गहनों को सही तरीके से स्टाइल कर सकें।



### रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग

रोजमर्रा के कामों में गहनों का उपयोग करते समय आराम और स्टाइल दोनों का ध्यान रखना जरूरी है। हल्के झुमके या पतले कड़े आपके लुक को निखार सकते हैं बिना किसी असुविधा के। सोनने या चांदी के छोटे गहने हमेशा सुरक्षित विकल्प होते हैं, जो हर पोशाक के साथ मेल खाते हैं और आपको सुंदर दिखाते हैं।

### ऑफिस लुक के लिए क्या चुनें?

ऑफिस लुक के लिए गहनों का चयन करते समय सरलता और सुंदरता का ध्यान रखना चाहिए। एक पतली चेन वाला पेंडेंट या छोटी बालियां आपके ऑफिस लुक को पेशेवर और स्टाइलिश बनाते हैं। इसके अलावा कलाई घड़ी भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो आपको समय देखने के साथ-साथ स्टाइलिश भी दिखाएगा।

### पार्टी में चमकें जरा हटकर

पार्टी में चमकने के लिए आप स्टेटमेंट ईयररिंग्स या चमकदार नेकलेस का चयन कर सकती हैं, जो आपके कपड़ों के साथ मेल खाता हो। अगर आपकी पोशाक पहले से ही भारी कढ़ाई वाली हो तो हल्के गहने चुनें ताकि आपका लुक संतुलित रहे। इसके अलावा आप पतली चेन या कंगन भी जोड़ सकती हैं, जो आपके पूरे लुक को और भी खास बनाएगा। इन सुझावों से आप हर पार्टी में आकर्षक दिख सकती हैं।



### शादी-ब्याह में दिखें सबसे अलग

शादी-ब्याह के मौके पर भारी गहनों का उपयोग करना चाहिए, जो आपकी पोशाक के साथ पूरी तरह मेल खाता हो। बड़े नेकलेस सेट या बड़े झुमके आपके लुक को शाही अंदाज देंगे। इसके अलावा हाथों में कंगन या चूड़ियां भी जोड़ सकती हैं, जो आपको और भी खूबसूरत बनाएंगी।

### त्योहारों पर चमकें नई नवेली दुल्हन की तरह

त्योहारों पर चमकने के लिए पारंपरिक गहनों का चयन करें जैसे कि जड़े हुए पेंडेंट, मोटी चूड़ियां या बड़े झुमके आदि। ये न केवल आपको पारंपरिक लुक देंगे बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ाएंगे। इन गहनों को पहनकर आप हर त्योहार में खास दिख सकती हैं और सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर सकती हैं।